


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 312 | ग्वालियर , 05 सितम्बर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## राजनीति के धोनी हैं शिवराज सिंह, शुरुआत कैसी भी हो अच्छा फिनिश देकर जीतना जानते हैं, बोले राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान को राजनीति का %धोनी% करार दिया. राजनाथ सिंह ने सोमवार (4 सितंबर) को मध्य प्रदेश के नीमच में कहा, ÷शिवराज सिंह राजनीति के धोनी हैं, अच्छा फिनिश देकर वे मैदान जीतना जानते हमध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ÷शिवराज चौहान ने सेवक की तरह जनता की सेवा की है, इस कारण उन्हें लोगों का विश्वास हासिल हुआ है. शुरुआत कैसी भी हो, लेकिन अच्छा फिनिश देकर वे जीतना जानते हैं.÷ बता दें कि, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को मैच फिनिशर कहा जाता है. उन्होंने कई बार मैच फिनिश करते हुए भारत को जीत दिलाई है.राजनाथ




सिंह ने आगे कहा, ÷मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कभी बीमारू राज्य के रूप में पहचान रखने वाले मध्य प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का काम ने किया. मध्य प्रदेश में बीजेपी संगठन को वीडी शर्मा ने जिस तरीके से मजबूत बनाया है, उनके नेतृत्व में बीजेपी की बहुत बड़ी विजय होगी.मध्य प्रदेश के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है, इसमें मध्य प्रदेश का भी बहुत बड़ा योगदान है. 2003 से पहले मध्य प्रदेश की जीडीपी 71 हजार 594 करोड़ थी, जो आज 13 लाख 82 हजार करोड़ हो गई है.रक्षा मंत्री ने कहा, ÷देश की अर्थव्यवस्था में मध्य प्रदेश का योगदान लगभग 3 प्रतिशत था, जो आज बढ़कर 4.8 प्रतिशत हुआ है. जो भारत पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था के आकार में 10 नंबर पर था वो भारत आज 5वें स्थान पर आ गया है, मोदी जी के नेतृत्व में ये करिश्मा हुआ है कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ को निशाने परे लेते हुए उन्होंने कहा, ÷मध्य प्रदेश में डेढ़ साल के लिए बीच में आए कमलनाथ ने बीजेपी सरकार की जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया और केन्द्र की योजनाओं को बाधित किया. कांग्रेस हर चुनाव में गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन गरीब गरीब रहता चला गया. लेकिन नीति आयोग की रिपोर्ट आई है जिसमें कहा गया है कि मोदी जी के प्रधानमंत्री रहते हुए साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर चले गए.÷

## चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर गया स्लीप मोड में, 22 सितंबर को एक्टिव होने की उम्मीद

भारत के चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर स्लीप मोड में चला गया है. इसरो ने सोमवार (4 सितंबर) को ये जानकारी दी. स्पेस एजेंसी ने साथ ही बताया कि इसकी अब 22 सितंबर के आसपास एक्टिव होने की उम्मीद है.इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया, ÷चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर लगभग सुबह 8ः00 बजे स्लीप मोड में सेट हो गया. इससे पहले , रंभा-एलपी और आईएलएसए पेलोड ने नई जगह पर इन-सीटू प्रयोग किए. इन्होंने जो डेटा जुटाया वो पृथ्वी पर आता रहा.÷भारतीय स्पेस एजेंसी ने आगे कहा, ÷पेलोड अब बंद कर दिए गए हैं. लैंडर रिसीवर चालू रखे गए हैं. सौर ऊर्जा खत्म हो जाने और बैटरी खत्म हो जाने पर विक्रम, प्रज्ञान के बगल में सो जाएगा. 22 सितंबर, 2023 के आसपास उनके फिर से जागने की उम्मीद है.इससे पहले इसरो ने बताया था कि विक्रम लैंडर ने सोमवार को चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की. इसरो ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ÷विक्रम

इसने इंजनों को फायर किया. अनुमान के मुताबिक करीब 40 सेंटीमीटर तक खुद




ने एक बार फिर चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की. विक्रम लैंडर अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में और आगे बढ़ा.अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, ÷ये उम्मीद भरे एक प्रयोग से सफलतापूर्वक गुजरा. कमांड मिलने पर

को ऊपर उठाया और आगे करीब 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर सुरक्षित लैंड किया. इस प्रक्रिया से भविष्य में सैंपल वापसी और चंद्रमा पर मानव अभियान को लेकर आशाएं बढ़ गई हैं.÷

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर, दो जवान जख्मी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के चसाना के पास सोमवार (4 सितंबर) को सर्च ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. अब तक एक आतंकी मारा गया है. साथ ही दो जवान घायल हुए हैं. एडीजीपी मुकेश सिंह ने बताया कि सोमवार को दो आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस को इनपुट मिली थी. जिसके आधार पर ये मुठभेड़ शुरू हुई. चसाना के तुली इलाके में गली सोहाब में मुठभेड़ चल रही है. पुलिस और सेना ऑपरेशन चला रही है. एक आतंकी को ढेर कर दिया गया है. एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हुआ है. जिनको इलाज के लिए भेज दिया है. इससे पहले बीते जुलाई के महीने में भी सुरक्षाबलों ने चार पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को मार गिराया. संयुक्त अभियान



आतंकियों को मार गिराया था. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया था कि पुंछ के सिंधरा इलाके में सुरनकोट बेल्ट के सिंधारा शीर्ष क्षेत्र में शुरू किया गया, जिसके बाद गोलीबारी हुई थी.भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा था कि सेना के विशेष बल, राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान अन्य बलों के साथ ऑपरेशन का हिस्सा थे. ऑपरेशन में मारे गए आतंकवादी संभवतः विदेशी आतंकवादी हैं. इसके अलावा अगस्त के महीने में भी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मारकर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया था. अधिकारियों ने बताया था कि बालाकोट सेक्टर में मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, 30 राउंड, दो हथगोले और पाकिस्तानी मूल की कुछ दवाएं बरामद की गई थीं.

## पाकिस्तान जिंदाबाद वाले नारे पर सुप्रीम कोर्ट की याचिकाकर्ता को दो टूक,पहले आप लिख कर दें कि.सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कांफ्रेंस सांसद मोहम्मद

अकबर लोन से लिखित हलफनामा मांगा है कि वह जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा मानते हैं. लोन अनुच्छेद 370 मामले में मुख्य याचिकाकर्ता हैं. लोन ने विधानसभा में %पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया था. अपने भाषणों और बयानों में भी वह अलगाववाद का समर्थन करते रहे हैं. इस बात की जानकारी मिलने के बाद जजों ने उनसे हलफनामा दाखिल कर कहने को कहा कि वह देश की अखंडता के पक्ष में हैं और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा मानते हैं.मोहम्मद अकबर लोन अनुच्छेद 370 मामले के याचिकाकर्ताओं की सूची में पहले नंबर पर हैं. वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल उनके लिए पेश हो रहे हैं. अपनी जिरह के दौरान सिब्बल ने जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह करवाने का सुझाव दिया था. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूढ़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने तुरंत इस मांग को ठुकरा दिया था. जजों ने साफ कहा था कि भारत के संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है.सुनवाई के 15वें दिन आज सामाजिक संगठन रूट्स इन कश्मीर की तरफ से पेश एक वकील ने लोन के भारत विरोधी बयानों का मामला जजों के सामने रखा. उन्होंने कोर्ट को बताया कि लोन ने राज्य विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया था. इस दौरान कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इसे बेहद आपत्तिजनक बताया. मेहता ने लोन से लिखित हलफनामा लिए जाने की मांग



की. उन्होंने कहा, ÷याचिकाकर्ता से यह लिखित में लिया जाए कि वह अलगाववाद और पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का विरोध करता हैसॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अकबर लोन ने आज तक अपने देशविरोधी बयानों के लिए माफी नहीं मांगी है. अब कोर्ट के संज्ञान में यह बात आने के बाद भी अगर अकबर लोन से सफाई नहीं मांगी गई तो लोगों में गलत संदेश जाएगा. इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वह लोन के वकील से इस बारे में सवाल करेंगे.दोपहर 2 बजे लोन के वकील कपिल सिब्बल जैसे ही खड़े हुए, चीफ जस्टिस ने उनसे अपने मुवक्किल के बयानों पर सफाई मांगी. इस पर सिब्बल ने कहा कि हममें से कोई भी भारत की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे रहा. लोन सांसद हैं और उन्होंने संविधान की शपथ ली है. सिब्बल ने यह भी कहा कि वह कानूनी पहलुओं पर बहस के लिए पेश हुए हैं. अपने मुवक्किल की तरफ से निजी तौर पर दिए किसी बयान का बचाव करने के लिए नहीं. अगर लोन पर कोर्ट को आपत्ति है तो वह एक दूसरे याचिकाकर्ता की तरफ से अपनी दलीलें रखने को तैयार हैं.कपिल सिब्बल के इस बयान पर जज आश्वस्त नजर नहीं आए. चीफ जस्टिस चंद्रचूढ़ के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना ने भी कहा कि लोन से सफाई ली जानी जरूरी है. इसके बाद चीफ जस्टिस ने सिब्बल से कहा, ÷अपने मुवक्किल से कहिए कि वह हलफनामा दाखिल करें. उसमें यह कहें कि जम्मू-कश्मीर को भारत का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं.÷ इस दौरान सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोन को यह भी लिखना चाहिए कि वह किसी भी अलगाववादी गतिविधि का समर्थन नहीं करते. तभी उनकी बात पर सुनवाई होनी चाहिए.

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं, पीएम ली कियांग होंगे जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल

भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जगह वहां के प्रधानमंत्री ली कियांग शामिल होंगे. चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार (4 सितंबर) को यह जानकारी दी. जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा. यह 18वां जी-20 शिखर सम्मेलन होगा. ली कियांग चीनी प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में नेतृत्व करेंगे.चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक बयान में कहा, %%भारत गणराज्य की सरकार के निमंत्रण पर राज्य परिषद के प्रधानमंत्री ली कियांग 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली, भारत में आयोजित होने वाले



18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे. प्रवक्ता माओ ने भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित हो रहे इस उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन से शी की अनुपस्थिति का कोई कारण नहीं बताया.राष्ट्रपति शी इस सप्ताह जकार्ता में आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ) और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी शामिल नहीं होंगे. प्रधानमंत्री ली इंडोनेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे.

चीनी विदेश मंत्रालय के एक अन्य प्रवक्ता वांग वेनबिन ने एक सितंबर को घोषणा की कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर वर्तमान आसियान अध्यक्ष, राज्य परिषद के प्रधानमंत्री ली पांच से आठ सितंबर तक इंडोनेशिया, जकार्ता में होने वाले 26वें चीन-आसियान शिखर सम्मेलन, 26वें आसियान प्लस थ्री (एपीटी) शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और इंडोनेशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे.अब प्रधानमंत्री ली के जकार्ता में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत की यात्रा करने की उम्मीद है. 2021 में चीन के राष्ट्रपति शी ने चीन के कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण इटली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था.

## घमासान के बीच बीजेपी पर बरसे सीएम एमके स्टालिन, देश को मणिपुर-हरियाणा बनने से रोकने के लिए..

पहले पॉडकास्ट में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार (4 सितंबर) को कहा कि पूरे देश को मणिपुर और हरियाणा बनने से रोकने के लिए अगले लोकसभा चुनाव %इंडिया% लायंस को जीतना ही होगा. इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और 28 विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को देश के सामने आने वाली कई समस्याओं के समाधान के रूप में पेश किया.स्टालिन ने केंद्र सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र गैर-बीजेपी राज्य सरकारों के खिलाफ प्रतिशोध लेने का काम कर रहा है. उन्होंने कहा, ÷वह राज्य सरकारों की संप्रभुता को खत्म करना चाहते हैं, जो सीधे तौर पर लोगों के कल्याण के लिए का काम करती हैं.÷सीएम स्टालिन ने कहा कि बीजेपी अपनी सभी खामियों को छिपाने के लिए धर्म को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है. लोगों की धार्मिक



भावनाओं को भड़का रही है. विपक्षी गुट में शामिल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के प्रमुख स्टालिन ने मणिपुर हिंसा और पिछले महीने हरियाणा के नूंह जिले में हुए दंगों के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया.स्टालिन ने पॉडकास्ट स्पीकिंग फॉर इंडिया में कहा ने कहा, ÷ बीजेपी भारत के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है और एकता की उस भावना खत्म करना चाहती है, जिसे भारतीय जनता ने लंबे समय से संजोकर रखा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह इंडिया गठबंधन ही है, जो भारत को बचाएगा.÷स्टालिन ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश के सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष राजनीति, सामाजिक सद्भाव, और संघवाद को नष्ट करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा, ÷अगर हम पूरे भारत को मणिपुर और हरियाणा बनने से रोकना चाहते हैं तो इंडिया अलायंस को जीतना होगा.मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस पॉडकास्ट सीरीज का उद्देश्य यह है कि मैं आपको बता सकूं कि बीजेपी जिस गुजरात मॉडल के बारे में झूठ बोलकर सत्ता में आई थी. अब वह मॉडल समाप्त होने जा रहा है. स्टालिन ने कहा, ÷2014 में केंद्र सरकार बनाने वाली बीजेपी विदेशों में काला धन वापस लाने और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे अपने चुनावी वादों को पूरा करने में नाकाम रही है. जल्द ही शासन के दस साल होने वाले हैं और सरकार ने अब तक अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है.तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन धार्मिक घृणा को बढ़ावा दे रहे हैं. अन्नामलाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट में कहा कि एमके स्टालिन और उनके बेटे धार्मिक नफरत को बढ़ावा देने में व्यस्त हैं. राज्य इस भ्रष्ट राजवंश को चुनने की कीमत चुका रहा है.

## गठबंधन पर राजनाथ सिंह का तंज, हमने भी शाइनिंग इंडिया का नारा दिया और हम लोग हार गए

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार (4 सितंबर) को विपक्षी गठबंधन इंडिया को नसीहत देते हुए बीजेपी की 2004 के लोकसभा चुनाव की हार का जिक्र किया. राजनाथ सिंह मध्य प्रदेश के नीमच में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे. जहां उन्होंने कहा कि 28 दलों ने गठबंधन किया है, जिसका नाम इंडिया रखा है. ये पीएम मोदी (क्क्रूरुस्न्रद्ब) को हराने की बात कह रहे हैं. राजनाथ सिंह ने आगे कहा, ÷मैं उनसे कहना चाहूंगा कि 2004 में हमसे भी एक चूक हो गई थी. हमने भी एक बार %शाइनिंग इंडिया% का नारा दिया था और हम हार गए. अब आपकी हार भी निश्चित है.÷ उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि आपको क्या पसंद है इंडिया या भारत. ा, ÷गठबंधन होना चाहिए तो इस देश के विकास के लिए होना चाहिए, देश का मान-सम्मान, स्वाभिमान



बढ़ाने के लिए होना चाहिए. ये गठबंधन इसलिए हो रहा है ताकि पीएम मोदी को दोबारा सत्ता में आने नहीं देनारक्षा मंत्री ने कहा, ÷मैं देख रहा हूं, इनकी हालत नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली है. इन पार्टियों ने मिलकर एक भानुमती का कुनबा बना लिया है. भानुमती का कुनबा जोड़ा कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा है. यानि उन्होंने मान लिया है कि वे अकेले बीजेपी को नहीं हरा सकते.राजनाथ सिंह ने इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसा. उन्होंने कहा, ÷हम चांद पर पहुंच रहे हैं, मंगल पर पहुंच रहे हैं और सूर्य के नजदीक पहुंच रहे हैं. लगातार लॉन्चिंग कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का ÷राहुल यान÷ 20 साल से लॉन्च ही नहीं हो रहा.रक्षा मंत्री ने तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म को खत्म करने वाली टिप्पणी पर पलटवार किया. उन्होंने कहा, ÷ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात कर रहे हैं. हमारे यहां सर्प को भी दूध पिलाकर उसके त्रिजीवी होने की कामना करते हैं. सनातन में धर्म-जाति के नाम पर कोई भेदभाव नहीं है,

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में सागर जिले की बीना तहसील में लव कुश जन्मोत्सव मनाया गया

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

शोभा यात्रा में मध्य प्रदेश कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) नारायण सिंह कुशवाहा जी ने शस्त्र कला का अद्भुत प्रदर्शन किया । इस अवसर पर पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा श्री नंदराम कुशवाहा निवाड़ी, कुशवाह युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल जबलपुर राष्ट्रीय महामंत्री श्री अर्जुन पटेल एडवोकेट सागर महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कुशवाहा, श्रीमती सुमित्रा कुशवाहा प्रदेश मंत्री श्री रामबाबू कुशवाह सिरोंज कुशवाहा समाज संगठन सागर जिले के अध्यक्ष एडवोकेट के सी पटेल, महिला महासभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती उषा कुशवाहा सागर, युवा महासभा के जिला अध्यक्ष खूब सिंह कुशवाहा खिमलासा, कन्हैया पटेल पहलवान, आदि सामाजिक अतिथि शामिल थे । क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि विधायक महेश राय जी, पूर्व विधायक धरमू राय



जी, शशि कैथोरिया जी , जनपद अध्यक्ष श्रीमती उषा राय जी, जिला पंचायत सदस्य इंदर सिंह ठाकुर, अमर प्रताप सिंह जी, आदी शामिल थे, । कार्यक्रम में अखाड़े एवं भजन मंडलियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया । ऐसा अवसर पर विधायक महेश राय के द्वारा विधायक निधि से प्रदान किए गए 10 लाख रुपए की राशि से निर्माण होने वाले कुशवाहा भवन एवं लव कुश मंदिर का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नंदराम पटेल ने किया स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष एडवोकेट हरिशंकर पटेल ने दिया । प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, प्रदेश मंत्री एडवोकेट श्यामलाल कुशवाहा, महिला महासभा की प्रदेश मंत्री श्रीमती शांति बाई कुशवाहा, विवाह महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रताप कुशवाहा खुरई, पहलाद कुशवाहा, जनपद सदस्य भरत कुशवाहा,सतीश पटेल, गणेश पटेल पार्षद खुरई, खुरई तहसील के अध्यक्ष एडवोकेट मदन कुशवाहा, डॉ आर डी कुशवाहा, युवा महासभा के जिला महामंत्री कमलेश पटेल मालथोन, तहसील अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल मालथौन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दशरथ कुशवाहा सहित हजारों कुशवाहा बंधु कार्यक्रम में शामिल थे ।

# चाचौड़ा विधानसभा के अंतर्गत कुंभराज से खामखेड़ा पैदल यात्रा प्रारंभ होकर पहुंचेगी



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

देवेंद्र मीणा दितलवाड़ा द्वारा गाडरवारा सरकार के सानिध्य में विधानसभा चाचौड़ा क्षेत्र की खुशी हेतु विशाल पदयात्रा कुंभराज शिव टेकरी से प्रारंभ होकर मृगवास पहुंचेगी यात्रा में सम्मिलित हुए हजारों लोग मृग बस में प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए कलाकारों द्वारा दी जा रही भजन प्रस्तुति एवं भंडारे का आनंद लेंगे रात्रि विश्राम के उपरांत सुबह दिनांक 5 को विशाल पदयात्रा फिर से प्रारंभ होकर खामखेड़ा हनुमान मंदिर पहुंचकर क्षेत्र की खुशधि के लिए प्रार्थना के उपरांत समापन होगा इस वर्ष विधानसभा में सुख की स्थिति निर्मित हुई है जिसके चलते विभिन्न दलों के नेताओं एवं समाजसेवियों द्वारा अपने-अपने तरीके से क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की है इसी क्रम में कांग्रेस के युवा नेता देवेंद्र दितलवाड़ा भी कहां पीछे रहने वाले हैं विशाल जन समुदाय के साथ उन्होंने भी अपनी शक्ति दिखा ही दी

# प्रतिभाओं को मंच देने से उनकी प्रतिभाओं में निखार आता है:अध्यक्ष एस के गुरु



**हरिओम चतुर्वेदी ब्यूरो रिपोर्ट**

गहोई वैश्य नवयुवक मंडल द्वारा ÷ गहोई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता÷ का आयोजन 3 सितंबर 2023 रविवार को सुबह 10 बजे आर.एम. विद्या निकेतन स्कूल में किया गया , इस प्रतियोगिता में लगभग एक सैक?ा बच्चो ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में बच्चो से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर उन्हें ओ एम आर शीट के माध्यम से देने थे।

**इस प्रतियोगिता में तीन स्तर रखे गए थे** -कक्षा 11-12वी के स्तर में प्रयाग चौधरी प्रथम , प्रिंस लहारिया द्वितीय,तथा हर्षिता साँवला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9-10 वी के स्तर में सोम बेडर प्रथम,प्रियांश हूँका तथा सौम्या गे?ा द्वितीय , तथा सुभि रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 5-8वी के स्तर में समृद्धि अमर प्रथम,वंश गे?ा,आयुषी नगरिया द्वितीय तथा मानवी पहारिया, गीत पहारिया और आदित्य कुदरया ने सम्मिलित रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर राजेश अमर अध्यक्ष गहोई समाज ,रवि कसाव महामंत्री गहोई समाज,अरविन्द गुप्ता अमर( प्रतियोगिता परीक्षक ), संतोष सांवला (सोशल मीडिया प्रभारी), रोकी गुप्ता ,राजेश नीखरा सचिव बामौर बाले,ललित कसाव, रवि नगरिया, जयप्रकाश चौधरी,प्रिंस रावत, आर एम विद्यालय निकेतन की संचालिका मंजू रावत ,प्रदीप रावत,रिंकू सुहाने,संजीव नीखरा,मनोज नीखरा आदि उपस्तिथ रहे।एवम गहोई नवयुवक मंडल टीम से सत्यम नीखरा एस के गुरु अध्यक्ष, ऋतिक सेठ उपाध्यक्ष, सूर्यांश हूँका उपाध्यक्ष, अपूर्व कनकने( विकास मंत्री ),सारांश नीखरा,गगन अमर तथा प्रचार मंत्री अजय नीखरा उपस्तिथ रहे।कार्यक्रम के समापन पर गहोई नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सत्यम नीखरा एस के गुरु ने सभी का आभार प्रकट किया तथा सभी बच्चो को शुभकामनाय दी।



## अघोषित विद्युत कटौती से किसान परेशान सूख रही फसलें

# 27 गांवों के किसानों ने दिया मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे**
**ब्यूरो चीफ राजेश नरवरिया**

**करैरा-** अनुविभाग करैरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम करही के विद्युत पवार हाउस से 27 गांवों के लिए विद्युत आपूर्ति की जाती है लेकिन विगत तीन वर्षों से सभी गांवों के निवासी नियमित रूप से बिजली न मिलने की समस्या से परेशान हैं तो वहीं वर्तमान समय मे एक ओर तो वर्षा न होने से फसलें बर्बाद हो रहीं हैं वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग भी ग्रामीण क्षेत्रों में दो से चार घंटे ही बिजली की सप्लाई कर रहा वो भी रात में तो कभी दिन में इसके ऊपर इसी समय में विद्युत कटौती भी कर दी जाती है, जिससे किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है।शहर और ग्रामीण इलाकों में एक जैसे हाल हैं। गांव में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है तो शहर में ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हैं। कभी रखरखाव तो कहीं फाल्ट की वजह से बिजली बंद हो रही है। गांव में सिंचाई के लिए



पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसान चिंतित हैं कि कहीं पानी नहीं मिलने से उनकी फसल न सूख जाए। किसान लगातार बिजली अफसरों के दफ्तरों में चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन किसानों की पीढ़ा सुनने कोई तैयार ही नहीं।इसके अलावा ट्रांसफार्मर में खराबी की वजह भी सप्लाई बंद हो रही है।जबकि किसानों को सिंचाई करने के लिए भरपूर बिजली की जरूरत है।ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान हैं कृषि फीडर में भी आए दिन कटौती हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बेहद खराब है। बिजली विभाग के अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है। उनके द्वारा जारी मोबाइल पर कभी भी ?ोन पर बात नहीं होती है।किसान प्रतिनिधियों ने बताई पी?ा-ग्राम करही के निवासी नीरज शर्मा ने बताया कि विद्युत समस्या की जानकारी किसानों द्वारा सभी अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को बता दी गई है यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसान मजबूर होकर स?कों पर उतरकर कर तीव्र विरोध करने पर मजबूर होंगे।मुरारीलाल रावत, सरपंच ग्राम पंचायत बाँसग? का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महज 2 से 4 घंटे ही बिजली मिलती है वो भी बीच बीच मे काट दी जाती है यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो किसान स?कों पर उतरेगा ।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस द्वारा ली ली जा रही है शांति समिति की बैठक



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी पिछोर ।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं बिना किसी बाधा के संपन्न कराये जाने एवं लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने के लिए शिवपुरी जिले के प्रत्येक पुलिस अनुभाग के अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो द्वारा शांति समिति की बैठक ली जा रहीं हैं ताकि आमजन आगामी त्यौहारों को शांति पूर्वक मना सकें ।आज थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विनय यादव थाना प्रभारी पोहरी निरीक्षक मनोज राजपूत थाना प्रभारी पिछोर निरी. शिवसिंह यादव थाना प्रभारी फजीकल निरी. रजनी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक ली जिसमें शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्यैहारों जन्माष्टमी , चेहल्लुम को मद्देनजर रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहमति से रूट एवं विसर्जन स्थलों के निर्धारण के बारे में चर्चा की गई ताकि बाद में कोई टकराव की स्थिति पैदा न हो और त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जा सकें।

# थाना तेंदुआ पुलिस द्वारा लूट के दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मशरूका किया बरामद ।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

दिनांक 01.09.2023 को फरियादी बबलू पुत्र वनबारी आदिवासी उम्र 26 साल निवासी ग्राम बूडीराई ने उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि कल दिनांक 31.08.23 के करीव रात्रि 09 वजे की वात है मै अपनी ससुराल ग्राम राजगढ से अपने घर ग्राम बूडीराई पैदल पैदल जा रहा था जैसे ही मैं पाली तिराहा फोर लाइन पर पहुँचा तो एक मोटरसाइकिस खरई तरफ से आई जिस पर दो व्यक्ति सवार थे जिन्होनें मेरे बराबर से आकर अपनी मोटरसाईकिल रोक दी और मेरे गले में डली गई साफी पकड कर मुझे खिचते हुए फोरलाईन के नीचे ले गये और मेरी जैब में रखे 4500 रुपये एवं विवो कम्पनी का मोबाईल दोनों लोगो ने जबरदस्ती निकाल लिये ,मैनें देखा कि मोटरसाईकिल पर आगे की नम्बर प्लेट पर एम पी 33 एम के 8263 लिखा था । फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश भदौरिया के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओएपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। दौराने विवेचना घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल के बारे में जानकारी प्राप्त कर रामेश्वर रावत को संदेही बनाया गया । आज दिनांक 04.09.2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी तेंदुआ पुलिस टीम के साथ रवाना होकर सुजवाया के पहले हाईवे पर पुलिया के पास मे पहुंचे तो दो लडके मुखबिर के बताये हुऐ हुलिये के सामने तरफ से रोंग साईड से आते हुऐ दिखाई दिये जो कि पुलिस की गाडी को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिन्हे हमराही फोर्स की मदद से पकडा गया उनसे नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम रामेश्वर रावत पुत्र सिरनाम रावत नि0 खरई का होना बताया । मौके पर रामेश्वर रावत से उसकी मोटर साईकिल के बारे मे जानकारी प्राप्त की गई तो उसके द्वारा मोटर साईकिल क्र0 द्वश्च33 द्वद्व8263 उसके नाम से होना एवं दिनाँक 31/08/23 को रात्री के समय उसके पास मे ही होने की बात कही गई। जिसके आधार पर आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया ,उसके द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा दिनाँक 31/08/23 को रात्री के समय मे अपने दोस्त टिल्लू उर्फ धर्मेन्द्र रावत के साथ मे मिलकर अपनी मोटर साईकिल से जाकर एक आदमी से 4500 रूपये एवं एक मोबाईल छुडाया गया था जिसमे से 4500 रूपये एवं मोटर साईकिल उसके पास है। एवं मोबाईल उसके दोस्त धर्मेन्द्र उर्फ टिल्लू रावत के पास मे है। पैसे एवं घटना मे प्रयुक्त की गई मोटर साईकिल घर पर रखी है। जिसकी निशादेही पर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर 4500 रूपये एवं मोटर साईकिल को विधिवत जप्त की गई

# राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप-2023 मे ठाकोर जयंतीजी मूलजीभाई ने प्रथम नंबर के साथ स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय चैंपियन बने

**ब्यूरो रिपोर्ट पाटन/गुजरात**

**गुजरात।** योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन इंडिया द्वारा राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप-2023 का आयोजन उत्तराखंड के





देहरादून में श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग के 350 से अधिक प्रतियोगियों ने विभिन्न प्रकार की योग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें 35 से 45 वर्ष की उम्र के पुरुष विभाग मे गुजरात के पाटन जिले के संतलपुर तालुका के झानज़नसर गांव के निवासी और सरस्वती तालुका के अघार क्लस्टर में सी.आर.सी. के पद पर कार्यरत ठाकोर जयंतीजी मूलजीभाई ने प्रथम नंबर के साथ स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय चैंपियन बने और पूरे गुजरात और पाटन जिले का नाम रोशन किया। इंटरनेशनल योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव डॉ. शिवम मिश्रा द्वारा अवार्ड प्रदान किया गया। गुजरात योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. महमूद कुरैशी सर और महासचिव दीपकभाई सुथार भी उपस्थित थे और उन्होंने गुजरात के प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। गुजरात के प्रतियोगियों ने कुल 22 पदक जीतकर बहुत ही दमदार प्रदर्शन किया। जिसमें चैंपियन ऑफ चैंपियंस में पुरुष और महिला दोनों में गुजरात के नंबर वन प्रतियोगी होने से गुजरात का गौरव बढ़ा है। साथ ही इस चैंपियनशिप में वियतनाम, अमेरिका, अर्जेंटीना, ब्राजील, उरुग्वे, चेक गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र आदि देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। पूरी चैंपियनशिप का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया.

# अतिथि शिक्षकों से किया वादा निभाने के लिए सीएम शिवराज एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया का आभार : डॉ रमेश दुबे

## भाजपा सरकार ने अथिति शिक्षकों का रखा पूरा मान सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अथिति शिक्षकों के द्वारा लगातार की जा रही मांगों को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने अधिकांश मांगों को जायज मानते हुए उन्हें पूरा किया जिसके लिए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने सीएम शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार एवं धन्यवाद दिया है।डॉ दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में जब कांग्रेस सरकार थी तब आंदोलनरत अतिथि शिक्षकों का दर्द समझकर केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया जी ने कहा था कि अतिथि शिक्षकों की मांगे पूरी करने के लिए यदि उन्हें सड़कों पर भी उतरना पड़ा तो वो गुरेज नहीं करेंगे, इस पर मद में चूर तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा था कि उतर



जाएं सड़कों पर रोका किसने है, तब अतिथि शिक्षकों की अनदेखी और कमलनाथ की हठधर्मिता को देख श्रीमंत सिंधिया ने कांग्रेस सरकार को ही सड़क पर लाकर पटक दिया था और अब उन्होंने सीएम शिवराज सिंह से चर्चा कर अतिथि शिक्षकों के मानदेय को दुगुना करने, शिक्षक भर्ती परीक्षा में 50 प्रतिशत आरक्षण देने जैसी महत्वाकांक्षी मांगो को पूरा करने को कहा जिसको मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए अतिथि शिक्षकों को एक बड़ा तोहफा दे दिया,जिसकी वजह जस अतिथि शिक्षकों के परिवारजनों में खुशी की लहर है।डॉ दुबे ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया को युहीं जनता अपने दिलों में जगह नहीं देती, श्रीमंत का दिल सदैव अपनी जनता के लिए ही धड़कता है, आगे भी जब जब प्रदेश की जनता की बात आएगी श्रीमंत सिंधिया जी हमेशा की तरह अपनी परिवार स्वरूप जनता जनार्दन के लिए खड़े मिलेंगे।

# मीरा के जेसी जीवन मैं हो सरलता :संत रामप्रकाश



**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू**, सीरवी समाज ट्रस्ट कर्नाटक बलेपेट वडेर के तत्वाधान में चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर भाव व श्रद्धा रूपी मीरा को जीवित रखना चाहिए।मीरा ने अपने जीवन में अनंत कष्टे को सहन करते हुए द्वारिका में जाकर भगवान द्वारिकाधीश की मूर्ति में समा गई।और इस कालिकाल में जनमानस के हृदय में परमात्मा के प्रति प्रेम सरिता बहाई। कथा में पूर्व सचिव ओमप्रकाश बर्फा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वडेर के सचिव अमराराम चोयल, राजूराम बर्फा, वालाराम काग, मांगीलाल सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद थे

# बारिश के लिए निकाली शवयात्रा,क्षेत्र में बारिश की लंबी खेच से किसान चिंतित

**पुष्पाजंली टुडे**



**कुक्षी** ।देश एक कृषि प्रधान देश हैं जिसमे निमाड़ अंचल की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं जहा की ऊपज कपास, गेहूं ,मिर्च,सोयाबीन,मूंगफली प्रमुख रहती हैं। श्रावण माह मे प्रतिवर्ष जिस तरह भगवान इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं और मूसलाधार बारिश होती हैं वो इस वर्ष देखने को नही मिली हैं। बारिश की लम्बी खैच के कारण सभी किसानों के माथे पर चिंता की झलक साफ देखी जा सकती हैं। किसान बंधु टोनी टोटके करते हुए इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए कई जतना कर रहा हैं। पूर्व मे भगवान इंद्र राजा इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए बागरोटी ( उज्जवणी ) का आयोजन कर चुका हैं इसी तरह आज शाम को सीरवी समाज के किसान बंधुओ ने भगवान इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए मुर्दा कि यात्रा निकाला जो श्री आई माताजी द्वार होते हुए श्री राम चौक,बड़ी हताई,माताजी चौक होते हुए छोटी हताई व बहारपुरा होते हुए पुनः श्री आई माताजी द्वार पहुँची। यात्रा मे सीरवी समाज सकल पंच समिति,समाज बंधु,युवा साथी व गणमान्यजन मौजूद थे।

# अम्बाह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिबस व एनीमिया मुक्त भारत को लेकर अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर ने की बैठक

## शिक्षा व स्बास्थ बिभाग को सहयोग करने के दिये निर्देश..

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** एनीमिया मुक्त भारत अभियान तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस को लेकर मिढेला रोड तहसील भवन में एसडीएम अरबिन्द माहौर ने बैठक की। इस अवसर पर एसडीएम अरबिन्द माहौर ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अंतर विभागीय समन्वय, समय कार्य योजना का निर्धारण, कार्यक्रम या अभियान का अनुश्रवण और अपेक्षित रिपोर्टिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने संबंधित विभाग विशेष तौर पर शिक्षा विभाग और आईसीडीएस से संबंधित पदाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय रखते हुए उक्त कार्य करने का निर्देश दिया। डीएम ने एनिमिया मुक्त भारत अभियान तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के साथ-साथ कोविड-19 सफल बनाने का प्रयास करने का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को लोगों को संतुलित आहार के साथ-साथ आयरन की अधिकता वाले प्रमुख खाद्य पदार्थों का सेवन करने



के लिए प्रेरित करने को भी कहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन अम्बाह सतीष यादव ने कहा कि जिले मेंअधिकांश कुपोषण जनित एनिमिया पाया जाता है। जो गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। इससे शारीरिक और मानसिक क्षमता प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि लोग संतुलित आहार का सेवन करें, जिससे शरीर में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व, प्रोटीन, वसा तथा विटामिन की आपूर्ति संभव हो सके।उन्होंने शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समन्वय रखते हुए सहयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं मॉप अप-डे के दौरान आई सीडीएस विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से आवश्यक सहयोग करने की अपील की ।बैठक के दौरान प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से एनिमिया होने के कारण, प्रभावित व्यक्ति के लक्षण एवं परिणाम, एनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य समूह एवं आएफए खुराक तथा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और आईसीडीएस विभाग की जिम्मेदारियों के संबंधि में निर्देश दिये.

## 60 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर दे सरकार किसानों को मुआवजाः विक्रम मस्ताल शर्मा

# बुधनी विधानसभा के आदिवासी गांवों सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचे किसान कांग्रेस के महामंत्री

**रेहटी।** प्रख्यात अभिनेता, बुधनी विधानसभा के कांग्रेस नेता, प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री एवं किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले



विक्रम मस्ताल शर्मा ने किसानों की खराब हो गई फसलों को लेकर आवाज उठाई है। उन्होंने सरकार से किसानों को 60 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जब प्रदेश में कमलनाथ सरकार थी तो हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उस समय 40 हजार रूपए हेक्टेयर मुआवजे की मांग उठाई थी, लेकिन अब महंगाई इतनी बड़ गई है कि किसानों को कम से कम 60 हजार रूपए हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा मिलना ही चाहिए, ताकि वे अपनी आगे की फसलों की तैयारी कर सके। विक्रम मस्ताल शर्मा आदिवासी गांव भीलपाटी सहित कई अन्य गांवों में पहुंचे और किसानों के खेतों में जाकर उनकी फसलों को देखा। इस दौरान उन्होंने किसानों को सांत्वना भी दी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों को उनकी बर्बाद हो रही फसलों का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि एक तरफ किसान परेशान हैं, उनकी फसलें खराब हो गई हैं तो वहीं बिजली कंपनी भी मनमानी पर उतारू है। बिजली कंपनी किसानों को खेतों में पानी देने के लिए 10 घंटे बिजली भी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। ऐसे में जिन किसानों के पास पानी के संसाधन हैं वे भी अपनी फसलें नहीं बचा पा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री अपने को किसान हितेषी बताते हैं तो उन्हें किसानों की चिंता करते हुए तत्काल मुआवजा राशि की घोषणा करनी चाहिए। किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है, इसके लिए सीहोर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करते हुए किसानों के लिए तत्काल मुआवजा राशि की घोषणा करनी चाहिए, ताकि किसान कर्ज के बोझ तले न दबे और वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता अभिलाष नागर, कपिल चौहान, बसंत मालवीय, दुष्यंत मालवीय सहित कई अन्य नेता सहित बड़ी संख्या में किसान भाई मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय का घेराव कर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**मुरैना।** सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने जिला चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर रैली निकालते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव कर जिला चिकित्सा अधिकारी के नाम जिला चिकित्सालय में ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री राठौर ने कहा कि मुरैना जिला चिकित्सालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है और मरीजों को अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने का खेल चल रहा है, इसलिए जल्द से जल्द सर्टिफिकेट जारी करने वाली समिति को भंग किया जाए एवं मरीज को होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु निम्नांकित बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही कर निवारण किया जाए।



# मप्र विकास और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बड़ रहा है :सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मंत्री ने अटेर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में 11 करोड़ 56 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कियाभिण्ड । सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लगातार प्रगति के नए सोपान स्थापित कर रहा है। प्रदेश में विकास की नई उपलब्धि प्राप्त की जा रही है। आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल व रोजगार इत्यादि सुविधा आसानी से उपलब्ध हो रही है। चिकित्सा के साथ-साथ अन्य सभी क्षेत्रों में चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं से जरूरत मंद लोगों को लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक ओर उप स्वास्थ्य केन्द्र की सौगात जिले को मिली है यह हमारे लिए खुशी की बात है अपने आस-पास, निकटतम क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा के लिए दूर दराज जाने की जरूरत नहीं पडेगी।पिछ्ले कुछ ही वर्षो में राज्य सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में स्वर्णीम विकास किया है। जिससे आम जन को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध हो सकेंगी। लोगों को हो रही समस्याओं और परिस्थितियों को बदलने का काम राज्य सरकार ने किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज प्रदेश विकास की पहचान बना है। यहां सड़कों का जाल बिछाया है। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 6 हजार रूपये के से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के भी 6 हजार रुपये मिल रहे हैं।सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने



रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को उपहार स्वरूप लाड़ली बहना योजना की राशि को बड़ाकर अब 1250 कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रक्षाबंधन मानने के लिए रू 250 रुपए की अतिरिक्त किशत भी सभी लाड़ली बहनों के खाते में दी है।आगामी समय में योजना की राशि को बड़ाकर 3 हजार रूपये तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारंभ की हैं।हर घर में शौचालय बनाया गया है। आज एक भी गांव ऐसा नहीं बचा है, जहां बिजली पहुंचनी बाकी हो। प्रदेश के साथ-साथ भिण्ड जिले को विकास की दौड़ में आगे ले जाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश आज विकास और समृद्धि का नया प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बड़ रहा है।

**अटेर क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हुआ**-सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकासखण्ड अटेर में कुल 11 करोड़ 56 लाख 64 हजार की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम कुरथरा में 49.14 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र कुरथरा के भवन एवं स्टाफ आवास, ग्राम सकराया में 644.27 लाख की लागत से सकराया से रानी विरगवां पहुंच मार्ग लम्बाई 4.90 किमी., ग्राम बड़ेपुरा में 326.94 लाख की लागत से बडेपुरा से सिद्व बाबा मंदिर पहुंच मार्ग लम्बाई 3.10 किमी., ग्राम सपाड़ में 49.14 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र सपाड के भवन एवं स्टाफ आवास, ग्राम रमा में 87.15 लाख की लागत से रमा से दक्षिणी माता मंदिर पहुंच मार्ग लम्बाई 1.10 किमी. का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

संपादकीय

## श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है–बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है– मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर–मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं... सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवतरू मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड–19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान–बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे। मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं– इससे उनका कोई लेना–देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा। हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान–3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य–1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत– मोदी यह भी बताएं। ऐसे ही, बार–बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

# आत्मघात का कोटा

एजेंसी

*यह भयावह ही है कि डॉक्टरी व इंजीनियरिंग में प्रवेश की गारंटी देने वाले कोटा में जनवरी से अब तक 24 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह महज एक आंकड़ा नहीं है, उन परिवारों के दुख को महसूस करने की जरूरत है जिन्होंने अपने बच्चे खोये हैं।*

बीते रविवार फिर दो छात्रों ने कोचिंग नगरी कोटा में आत्महत्या कर ली। दूर–दराज के शहरों से अपने सपनों व परिवार की उम्मीदों को परवान चढ़ाने आए ये मासूम क्यों आत्मघाती कदम उठा रहे हैं, इसकी गंभीर पड़ताल अभी बाकी है। यह भयावह ही है कि डॉक्टरी व इंजीनियरिंग में प्रवेश की गारंटी देने वाले कोटा में जनवरी से अब तक 24 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह महज एक आंकड़ा नहीं है, उन परिवारों के दुख को महसूस करने की जरूरत है जिन्होंने अपने बच्चे खोये हैं। सवाल यह है कि खेलने–खाने की उम्र में ये बच्चे मौत को गले क्यों लगा रहे हैं? कहते हैं कि कुकरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग संस्थान लगातार परीक्षाओं का दबाव बनाते हैं और कम नंबर आने पर छात्र अवसादग्रस्त हो जाते हैं। तभी राजस्थान सरकार ने अगले कुछ समय के लिये कोचिंग संस्थानों में परीक्षाएं लेने पर रोक लगाई है। दरअसल, देश में कोचिंग संस्थानों का ऐसा मकड़जाल फैला है कि उसका कोई आदि–अंत नहीं है। महंगी फीस तथा तरह–तरह के शुल्क अभिभावकों की कमर तोड़कर रख देते हैं। सुनहरे सपनों की आस लेकर कोटा आए बच्चे इस बात को महसूस करते हैं कि उनके परिजन उन्हें अपना पेट काटकर पढ़ा रहे हैं। एक ईमानदार नौकरीपेशा या सामान्य आदमी की इतनी बचत कहां होती है कि कोचिंग संस्थानों की लाखों की फीस भर सके। मध्यम व निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के ये छात्र छोटी–छोटी परीक्षाओं में विफलता से घबरा जाते हैं कि वे परिवार को क्या जवाब देंगे। उनके सुनहरे सपनों का क्या होगा। दूर–दराज के कस्बों और गांवों से आये छात्र लगातार इस दबाव में पढ़ाई करते हैं। कहीं न कहीं इस गलाकाट स्पर्धा के दौर में ये छात्र खुद को समायोजित नहीं कर पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। दूसरे हिंदी व अन्य भाषीय माध्यमों से आने वाले बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों से आये प्रतियोगियों का मुकाबला नहीं कर पाते। अपनी ऊर्जा उन्हें पहले अंग्रेजी सीखने में खर्च करनी पड़ती है। वे खुद को पिछड़ा महसूस करने लगते हैं। दरअसल, इस विकट समस्या को जिस तरह सतही तौर पर निबटाया जा रहा है, वह समाधान कदापि नहीं है। संवेदनहीन राजनीति के बेतुका बयान स्थिति को जटिल ही बनाते हैं। रविवार की घटना के बाद राजस्थान के शीर्ष राजनेता का कहना था कि यह समस्या कोटा की नहीं, देशव्यापी है। दूसरी तरफ आत्महत्याओं को रोकने के लिये छात्रावासों व पीजी के कमरों में स्प्रिंग–लोडेड पंखे और बालकनियों में लोहे के जाल



लगाना बेतुका उपाय कहा जायेगा। इस समस्या को संवेदनशील ढंग से देखने की जरूरत है। दरअसल, भारतीय समाज में इंजीनियर व डॉक्टर बनने की ऐसी भेड़चाल है कि मान लिया जाता है कि जो ये न बन सका उसका जीवन व्यर्थ है। इस भेड़चाल के चलते अब छात्र मानवीकीय विषयों से परहेज करने लगे हैं। दरअसल, कला के विषय छात्रों का सर्वांगीण विकास करते हैं। उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। उन्हें जीवन के व्यापक अनुभव इन विषयों से मिलते हैं। हमें मनोवैज्ञानिक तौर पर छात्रों को तैयार करना चाहिए कि वे किसी बात पर हताश होकर आत्मघाती कदम न उठायें। उन्हें मनोवैज्ञानिक ढंग से समझाने की जरूरत है कि परीक्षा में असफल होना जीवन का अंत नहीं है। बल्कि उनके सामने तमाम विकल्प हैं। यह भी कि जीवन से महत्वपूर्ण कोई परीक्षा नहीं होती। कोटा के प्रशासन को यहां पढ़ने आने वाले छात्रों को लगातार परामर्श देना चाहिए ताकि वे तनाव से बिखरकर टूटे नहीं। साथ ही देश में सरस्वती के मंदिरों के कारोबार के केंद्रों में तब्दील होने की पूरी पड़ताल होनी चाहिए। इनके पाठ्यक्रम व फीस का नियमन होना चाहिए। किसी भी संस्थान को विशुद्ध व्यापारिक रवैया अपनाकर परिजनों के जीवन की पूंजी और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ की अनुमति कदापि नहीं दी जानी चाहिए। दरअसल, इस समस्या का समाधान शासन–प्रशासन, अभिभावकों तथा कोचिंग संस्थानों को मिलकर निकालना होगा। समस्या के सामाजिक, मानसिक व आर्थिक पक्षों पर सूक्ष्म स्तर पर विचार जरूरी है।

# पाक में पहली महिला राजनयिक

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर उभरा है। दुनिया का सबसे बड़ा संविधान भारत के पास है। आजादी के अमृतकाल तक आते–आते महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और डिजिटलीकरण के दौर में महिलाओं ने खुद को सामाजिक और वित्तीय रूप से सशक्त बनाया। भारत में मुख्यमंत्री पद से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति पद तक महिलाएं आसीन रही हैं। इतिहास गवाह है कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लवरेज, दूरदर्शिता, जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी में बल्कि इस रोशन की लौ भी हैं। अनादिकाल से ही महिलाएं



सम्मान हासिल किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल के माध्यम से महिलाओं ने न केवल खुद को आर्थिक रूप से मजबूत किया बल्कि कुछ पदों पर रहकर अपने कौशल का लोहा मनवाया। उद्योग जगत में,व्यवसाय में,बैंकिंग सेवाओं और से लेकर भारत की महिला शिक्षिका सावित्री बाईफुले तक महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के उदाहरण स्थापित किए। खेलों में भी भारतीय लड़कियों ने दुनिया को हैरत में डाल रखा है। रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में मानव की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। अब विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत गधीतिका श्रीवास्तव को पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में भारत का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान प्रभारी सुरेश कुमार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नया कार्यभार सम्भालेंगी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद गीतिका श्रीवास्तव पाकिस्तान में भारतीय मिशन का प्रमुख बनने वाली पहली महिला होंगी। 1947 में श्री प्रकाश को तत्कालीन पाकिस्तान डोमिनियन में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में भेजा गया था। इसके बाद से नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व हमेशा पुरुष राजनयिकों द्वारा किया गया है। अब तक यहां 22 मिशन प्रमुख रह चुके हैं। इस्लामाबाद में अंतिम भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया थे, जिन्हें 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पाकिस्तान द्वारा उच्चायोग की स्थिति को कम करने के निर्णय के बाद वापस ले लिया गया था। महिला राजनयिकों को पहले भी पाकिस्तान में तैनात किया गया है लेकिन उच्चतम स्तर पर पहली बार महिला की नियुक्ति की गई है। इसे एक कठिन पोस्टिंग भी माना जाता है, क्योंकि कुछ साल पहले इस्लामाबाद को भारतीय राजनयिकों के लिए ष्गैर–पारिवारिक" पोस्टिंग घोषित किया गया था। यह आमतौर पर महिला अधिकारियों को पाकिस्तान में कार्यभार संभालने से रोकता है।यद्यपि पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो प्रधानमंत्री पद पर रही हैं और नवाज परिवार की या अन्य रसूखदार परिवारों की महिलाएं भी राजनीति में हैं लेकिन वहां आज भी महिलाओं की समाज में उतनी प्रतिष्ठा नहीं है जितनी भारत में है। गीतिका श्रीवास्तव को विदेश सेवा में अच्छा खासा अनुभव प्राप्त है। गीतिका श्रीवास्तव 2005 बैच की भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी हैं। गीतिका श्रीवास्तव मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय के हिंद–प्रशांत प्रभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। यह आसियान, आईओआरए और अन्य के साथ भारत की बहुपक्षीय कूटनीति की देखभाल करता है। वह धाराप्रवाह चीनी (मंदारिन भाषा) बोलती हैं। गीतिका श्रीवास्तव इससे पहले कोलकाता में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी और विदेश मंत्रालय के आईओआर डिवीजन में निदेशक के रूप में भी काम कर चुकी हैं।अगस्त 2019 में केन्द्र सरकार द्वारा जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने राजनयिक संबंधों का दर्ज घटा दिया था जिसके बाद इस्लामाबाद और दिल्ली में पाकिस्तानी और भारतीय उच्चायोगों का नेतृत्व उनके संबंधित प्रभारियों द्वारा ही किया जाता है। चार साल के लम्बे अंतराल के बाद गीतिका श्रीवास्तव इस्लामाबाद में भारत की पूर्णकालिक उपायुक्त होंगी। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। दोनों देशों के बीच कोई वार्ता नहीं हो रही और व्यापार भी ठप्प है। भारत का स्पष्ट स्टैंड है कि आतंकवाद और बातचीत साथ–साथ नहीं हो सकते। भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के इधतिहास में महिलाओं ने कूटनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समय के साथ–साथ राजनयिक प्रयासों और वार्ताओं में महिलाओं को शामिल करने के महत्व की मान्यता बढ़ रही है। उम्मीद है कि गीतिका श्रीवास्तव दोनों देशों के बीच जटिल संबंधों को सम्बोधित करने में अधिक प्रभावी साबित होंगी। वह पाकिस्तान में भारत की आवाज बनेंगी। पाकिस्तान ने भी नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के नए प्रभारी के तौर पर साद वारियाच की घनियुक्ति की है। देखना होगा कि इन नियुक्तियों से क्या दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलेगी।

# रक्षाबंधन एक पवित्र पर्व

**संजीव ठाकुर**

तेन त्वामभी बंध्यनामी रक्षे मा चल मा चल का पवित्र पाठ करते हुए रक्षा सूत्र भाइयों की कलाई पर भाई के दीर्घजीवी होने की शुभकामनाओं के साथ बांधती हैं।भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है बल्कि भारत विविध संस्कृतियो संस्कारों और संप्रदायों के विभिन्न त्योहारों का देश भी है इसीलिए यह कहा जाता है की अनेकता में एकता भारत की पूंजी है। भारत एक त्योहार का देश है जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म संप्रदाय एक साथ फल फूल रहे हैं और रक्षाबंधन त्यौहार भी भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन ऐसा एक त्यौहार है जो धर्म संप्रदाय संस्कृतियों की सभी दीवारों को तोड़कर सभी त्योहारों के बीच एक अनूठा स्थान रखता है। रक्षाबंधन अपने प्रेमभाव तथा सांस्कृतिक मूल्यों के कारण देशभर में बड़े उत्साह से मनाया जाता है और हर वर्ष शुभ मुहूर्त में बहन अपने भाई की कलाई में रखी बांधकर अपनी तथा देश की सीमाओं की सुरक्षा का आश्वासन चाहती है और अपने भाई की दीर्घायु होने की कामना करते हुए बहने इस पवित्र त्योहार को मनाती हैं। इस श्रावण पूर्णिमा 2023 की शुरुआत 30 अगस्त की सुबह 11.27 से होकर 31 अगस्त को सुबह 7.35 तक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा सकता है। वैसे भी रक्षाबंधन त्यौहार भाई–बहन के बीच प्यार बंधन को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है यह एक ऐसा त्यौहार है जो पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है हिंदू कैलेंडर के अनुसार श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्यौहार देश के भाइयों और बहनों के बीच प्यार को बढ़ता है नियंत्रित करता है। भाई और बहन के बीच संबंध वास्तविकता में और साधारण और विलक्षण होते हैं इन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता भाई बहन का रिश्ता अतिविश्वसनीय है रक्षाबंधन एक प्रशंसनीय, सुंदर बंधन है। जिसे पूरी दुनिया में भारतवासी बड़ी सादगी सदा धूमधाम से बनाते हैं। हिंदू समाज में ऐसी अनेक प्रथाएं हैं जो सदियों से चली आ रही है उन्हें समाज



आज भी मानता और यही परंपराएं हमारी संस्कृति की धरोहर भी हैं। इन प्रथाओं में कुछ–कुछ कुप्रथाएं भी शामिल थी जैसे बाल विवाह ,नरबलि, सती प्रथा जिसे समाज ने नकार कर अलग कर दिया। इसलिए रक्षाबंधन का त्यौहार एक ऐसी प्रथा है जो हम सबको परस्पर जोड़ती है इसीलिए आज भी पूर्ण हर्ष के साथ मनाते हैं स्पष्ट है कि रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हमें रिश्तो का मन करना सिखाता है ताकि हम कमजोर वर्ग तथा देश की सीमा बाहरी आक्रमणकारियों से बचाकर रखें। रक्षाबंधन के इतिहास में यदि एक दृष्टि डालें तो अनेक पौराणिक कथाएं भी इसकी साक्षी रही है। कई इतिहासकार इसे कृष्ण की पौराणिक कहानी के साथ इस त्यौहार के संबंध का वर्णन करते हैं कहा जाता है कि जब भगवान कृष्ण जब पतंग उड़ाते समय धागे से उनकी कलाई भूल से कट गई थी तब द्रौपदी ने इसे देखकर साड़ी के पल्लू को चीर कर उनके रक्त से बहते हुए घाव पर बांध दी थी उनके इस इशारे को समझ कर श्री कृष्ण ने उनकी रक्षा का वचन दिया और श्री कृष्ण ने द्रोपदी की इस रक्षा के वचन को निभाया भी था। इतिहासकार इसे इतिहास से भी जोड़ते हैं मेवाड़ की रानी कर्णावती पर जब 1535 में बहादुर शाह जफर ने आक्रमण कर दिया था तब मेवाड़ की रानी कर्णावती ने अपनी राज्य की रक्षा के लिए मुगल बादशाह हुमायूं को राखी बेचकर भाई बनाकर मेवाड़ की रक्षा हेतु वचन मांगा था। मेवाड़ की रानी कर्णावती क्योंकि खुद एक बड़ी वीरांगना थी तथा बहादुर शाह का मुकाबला करने के लिए वह खुद मैदान में आ गई थी हुमायूं ने रक्षाबंधन की गरिमा को रखते हुए अपनी सेना मेवाड़ की रानी की मदद के लिए भी भेजी थी। रक्षाबंधन के संदर्भ में अनेक प्रसंग इतिहास तथा वर्तमान में प्रचलित है और वास्तव में रक्षाबंधन भाइयों तथा बहनों के बीच रक्षा तथा स्नेह के बंधन के बीच बड़ी ही पवित्रता से मनाया जाता है। रक्षाबंधन की रक्षा के लिए भाई अपनी जान की परवाह न करते हुए बहनों की रक्षा के लिए एवं देश की सीमा तथा निशक्तजनों की रक्षा के लिए कटिबंध रहते हैं। भारत भूमि में ऐसे अनेक त्यौहार भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म की रक्षा हेतु मनाए जाते रहे हैं और मनाए जाते रहेंगे भारत की पवित्र भूमि को नमन प्रणाम।

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की विकास गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है : नरेंद्र सिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर युवाओं महिलाओं एवं किसानों को आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 9 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा का शहर में एक प्रवेश होगा और विशाल आम सभा रात्रि 8 बजे खंड रोड अहिंसा चौक पर होगी हम सब वार्ड वासी एकत्रित होकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने हेतु जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत और आमसभा में शामिल होकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लें। उपरोक्त उद्गार उन्होंने शहर के वार्ड क्रमांक 35 जोशी नगर में आयोजित विशाल नुक्कड़ सभा के माध्यम से मोहल्ला वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं को सशक्तिकरण मजबूती के लिए लाडली बहन योजना लाड़ली लक्ष्मी बहन योजना मुख्यमंत्री विभाग कन्यादान योजना को प्रारंभ कर एक नई मिसाल काम की है आज भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हितग्राही विकास की दिशा से जुड़े हुए हैं हमारी सरकार में विकास की ही बात होती है उन्होंने कहा कि मैं अपने विधायक कल में ग्रामीण और शहरी आंचल में विकास कार्यों को आगे बढ़ने का काम किया। उन्होंने कहा शहर के विकास के लिए हमने अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतरने का कार्य किया था लेकिन आज योजनाएं जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है इसके लिए हमें और आपको विचार करना चाहिए। मैंने विधायक नहीं जनसेवक के रूप में विकास को आगे बढ़ने का काम किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज संपूर्ण देश आत्मनिर्भर और विश्व गुरु की ओर स्थापित हो रहा है जो विरोधी दल एकत्रित हो रहे हैं उनके पास कोई नीति नहीं है कोई विकास का विजन नहीं है मात्र राष्ट्र को तोड़ने की बात करते हैं कांग्रेस बसपा सपा यह दल के परिवारवाद और राजनीति पर आधारित है लेकिन हमने तय किया है कि भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है जो सबको साथ लेकर इस पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के अंतोदय की विचारधारा से कार्य कर रही है।





उन्होंने कहा कि मिशन 2023 विधानसभा चुनाव में युवक संगठित होकर अपने-अपने बूथ केंद्रों पर मजबूती के साथ जुटे रहे। उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई भी व्यक्ति आय हो जिस व्यक्ति ने अपना भाव मुझे जागृत किया मैंने उसको तत्काल समस्या का समाधान निकालकर बिजली एवं जनता की समस्या का समाधान किया है। उन्होंने कहा 2008 में दिग्विजय सिंह कि कांग्रेस सरकार में बिजली का अंबार था और मैं जनता के साथ संघर्ष किया और आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस की सरकार को झुका दिया लेकिन आप सभी के जन सहयोग से यह आंदोलन मेरा सफल रहा और आज प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भाजपा की सरकार है उन्होंने हर गरीब मजदूर किसानों और युवाओं को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है यह हमारी सरकार विकासशील सरकार है।पूर्व विधायक श्री कुशवाह का वार्ड क्रमांक 35 जोशी नगर में युवाओं ने गर्भ जोशीली के साथ उनका बड़ी माला पहनकर स्वागत किया और लोगों ने अपने घरों से पुष्प बरसा भी की और उन्होंने कहा की वहीं इस राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ और झूठ कपट की राजनीति की। सभा का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ का शंख बजा कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री अशोक यादव ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राजीव उपाध्याय पार्षद दीपक शर्मा विश्राम सिंह यादव अभिषेक सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह यादव, दशरथ सिंह यादव, विकास चौहान, केदार शर्मा लाखन सिंह यादव अशोक पाराशर उदयवीर यादव आनंद यादव,आदि युवक भारी संख्या में शामिल थे।

## कांग्रेस नेता की मां के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** ।कोलारस के वर्तमान विधायक वीरेंद्र रघुवंशी नगर मे पहुंचे और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और किसान नेता सुरेंद्र तरफ भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए विधायक रघुवंशी ने सिरोंज के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और टिकट की मजबूत दावेदार गगनेंद्र रघुवंशी से और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।



रघुवंशी की माता के निधन पर उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार जनों को धांधस बंधाया इसके बाद समाज जनों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो से जनसंवाद किया । समाज के वरिष्ठ लोगों ने रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रघुवंशी का साल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। वहीं दूसरी विगत दिनों पहले भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए कोलारस विधायक और अखिल भारतीय रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन मे रघुवंशी समाज के सभी वरिष्ठ जनों से समाज के उत्थान के लिए कार्य करने को प्रेरित किया, तो वही देश-प्रदेश की राजनीति में रघुवंशी समाज के महत्वपूर्ण योगदान होने की बात भी रखी। वीरेंद्र रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारी समाज को राजनीतिक दृष्टिकोण में पीछे धकेला जा रहा है तो वहीं भाजपा में हमारे समाज के कार्यकर्ताओं की किसी भी तरह से कोई सुनवाई नहीं होती मैं हमेशा ही अपने समाज के लोगों के हित के लिए शासन प्रशासन से लड़ता रहा हूं वही आगे भी मैं अपने समाज के लिए ही कार्य करता रहूंगा ।कोलारस से विधायक होते हुए भी मैंने पूरे मध्य प्रदेश में जहां-जहां भी रघुवंशी समाज के हमारे लोग निवास करते हैं सबको एकत्रित कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया है तो वहीं भाजपा की ओछी राजनीति और खराब नीतियों की वजह से ही मैंने अपना इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने का फैसला लिया है यदि हमारे समाज को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में विस्तार कराना है तो हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा और संगठित होकर हर क्षेत्र में अपने आप को आगे लाकर संगठन को मजबूत करने का प्रयास करना होगा।

## हापुड़ कांड कहर के खिलाफ प्रदेश भर के वकील तीन दिन की हड़ताल पर

### एटा बार एसोसिएशन धरने पर नही हुआ आज कोई वकीली कामकाज

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

**एटा।** हापुड़ कांड से आहत उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आव्हान पर तीन दिन की हड़ताल का रिहर्सल शुरू हो चुका है। आज से प्रदेश भर में वकील समुदाय चार सितंबर से छः सितम्बर तक हड़ताल पर रहेगा। इसके बाद समझा जा रहा है यह वकील आंदोलन नए रूप रंग में सामने आ सकता है ड़ इस क्रम में एटा बार एसोशियेशन के अध्यक्ष अशोक सिकरवार एडवोकेट एवं गिरीश चंद्र शर्मा एडवोकेट के आवाह्न पर सैकड़ों वकील बार एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे रहे। एटा बार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया।ज्ञापन में मांग की गई कि-हापुड़ कांड में दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल एफ आई आर दर्ज कर निलंबन की कार्यवाही की जाए,इस दौरान प्रदेश भर अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज किए गए झूंठे मुकदमे तत्काल वापस किए जाएं,हापुड़ कांड में घायल अधिवक्ताओं को तुरंत इलाज के लिए पचास लाख रुपए बतौर मुआवजा दिए जाएं,प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर अधिवक्ताओं की जान माल का संरक्षण किया जाए। उक्त ज्ञापन प्रेषण के बाद अनेक अधिवक्ता धरने पर बैठे। जिनमें सर्वश्री अशोक कुमार सिंह सिकरवार (अध्यक्ष) गिरीश चंद्र शर्मा(महा सचिव) राजेंद्र शर्मा राजू बेदी एडवोकेट,आदेश सक्सेना एडवोकेट,उदयराज सिंह(वरिष्ठ उपाध्यक्ष)अरुण उपाध्याय एडवोकेट(उपाध्यक्ष) प्रवीन चतुर्वेदी,राजेश कुमार चौहान एडवोकेट धरने में शामिल हुए पूरा दिन बार एसोसिएशन परिसर हापुड़ कांड के विरुद्ध गुस्से भरी प्रतिक्रियाओं से गूंजता रहा।




## स्वागत पचौरी बने जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

एटा जिला क्रिकेट एसोसिएशन एटा की एक मीटिंग कमलेश ऑटो व्हील्स ,महिंद्रा एजेंसी एटा पर हुई ,जिसमें नई कार्यकारणी का गठन किया गया ,जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर स्वागत पचौरी को चुना गया,वहीं सचिव पद पर अखिल दीक्षित, सह सचिव पद पर सौरभ कुमार, उपाध्यक्ष पद पर शशिकांत वर्मा, नीरज गुप्ता ,सनी जैन एवं अमित शर्मा, और कोषाध्यक्ष पद पर साजन देव वार्ष्णेय की घोषणा की गई, और फिजियो आयुष पालीवाल, कानूनी सलाहकार अमित जोहरी को नामित किया गया।सह सचिव सौरभ कुमार ने जानकारी दी की प.गोविंद वल्लभ पंत एटा स्टेडियम पर बहुत शानदार ई पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगाजिसमे काफ़ी टीमें प्रतिभाग करेंगी और अंतर्राष्ट्रीय लियन का भी इस कार्यक्रम में मौजूदगी देखने को एटा वाशियो को मिलेगी।



## महर्षि अरविंद महाविद्यालय में पेयजल व शिक्षण कार्य में चल रही अनिमिताओ को लेकर विद्यार्थी परिषद ने दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**/अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गोहद द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमें नगर मंत्री सत्यम गुर्जर द्वारा बताया गया महर्षि अरविंद महाविद्यालय में जो छात्र-छात्राओं को गंदा पानी पिलाया जा रहा है जिसमें कीड़े पड़े हुए हैं और शौचालय भी साफ नहीं है शौचालय से बदबू छात्रों के क्लास रूम तक आती हैं महाविद्यालय में जो अतिथि शिक्षक आते हैं वह समय के बाद आते हैं और समय से पहले चले जाते हैं कोलेज क्लासेस भी नहीं लगती है ना कोई पढ़ाई होती है भृत्य भी महाविद्यालय में नहीं आते हैं उक्त सभी मांगों के लिए परिषद ने जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुर्जर व प्राचार्य को 7 दिन का समय दिया है अगर 7 दिन में यह कार्य नहीं होता है तो आने वाले समय में परिषद बड़ा आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार करेगी मौके पर परिषद नगर अध्यक्ष रवि पाल वह अन्य कार्यकर्ता श्यामवीर गुर्जर इंद्रवीर बघेल लाल सिंह माहौर सौरभ पवैया प्रशांत माहौल हरेंद्र कुशवाहा संदीप शिरोमण माहौर नितिन सचिन गजेंद्र प्रशांत पीयूष बघेल और अन्य महाविद्यालय के छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे



## अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर तक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2023-24 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर 2023 तक किया गया है। इस प्रतियोगिता का विषय नए भारत के लिए डिजिटल इंडियानिर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है। प्रतियोगिता 18 वर्ष तक तथा 28 वर्ष के अधिक के लिए दो श्रेणियाँ में रखी गई है। इन दोनों श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र (अधिकतम 500 शब्दों में) एवं लिफाफा (अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उप श्रेणियां रखी गई हैं। हस्तलिखित पत्र हिन्दी/अंग्रेजी में संबंधित प्रवर अधीक्षक/अधीक्षक डाकघर के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/साधारण डाक के माध्यम से अथवा हाथो-हाथ भेजा जा सकता है। प्रवर अधीक्षक/अधीक्षक डाकघर का पता अपने निकटतम डाकघर से प्राप्त किया जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के संबंध में स्व हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा की 1 अक्टूबर 2023 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम/अधिक है। मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उपश्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को क्रमशः 25,000 रूपये, 10,000 रूपये एवं 5,000 रूपये से सम्मानित किया जाएगा। चयनित प्रविष्टियों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा। महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रत्येक उपश्रेणी में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को क्रमशः 50,000 रूपये 25,000 रूपये एवं 10,000 रूपये से सम्मानित किया जाएगा। पत्र लेटर बॉक्स में पोस्ट करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2023 रखी गयी है। इसके बाद पोस्ट किए गए पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। परिमंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 15 दिसम्बर 2023 एवं अखिल भारतीय स्टार पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 31 मार्च 2024 तक घोषित किया जावेगा। परिमंडल प्रमुख ब्रजेश कुमार, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, परिमंडल, भोपाल द्वारा सभी नागरिकों से अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान से जुड़ने की अपील की गई है।

## ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों और प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना** जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम प्रदर्शनों केन्द्रों तथा प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को जिले की विधानसभा क्षेत्रों के ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों में 307 लोगों ने माकपोल किया गया। जिसमें सतना के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 53, रैगांव के तहसील कार्यालय कोठी में 103, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नागौद में 70, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरपाटन में 65 एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में 16 सहित कुल 307 लोगों ने माकपोल किया। इसी प्रकार प्रचार रथ के माध्यम से अब तक सतना जिले के विधानसभा क्षेत्र में चित्रकूट के सभी 257, रैगांव के 259, सतना के 276, नागौद के 277, मैहर के 295, अमरपाटन के 279 तथा रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के 307 मतदान केन्द्रों में प्रदर्शन का कार्य पूर्ण कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया है।

## 11 सितम्बर तक जेण्डर रेशियों दुरूस्त करें और शत-प्रतिशत पात्र मतदाता के नाम जोड़े

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागौद में ली बैठक

**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में अपर कलेक्टर ऋषि पवार ने विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी नागौद के कार्यालय में बैठक लेकर मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर संबंधित अनुभाग के एसडीएम और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ, नगरीय निकाय, सीडीपीओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को आयोग द्वारा मतदाता सूची के संशोधित कार्यक्रम से अवगत कराते हुए बताया गया कि दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 11 सितम्बर तक बड़ा दी गई है। समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को कम जेण्डर रेशियों वाले मतदान केन्द्र की पुनः समीक्षा करने एवं महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में यह भी बताया गया कि 1 सितम्बर 2023 की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र नागौद का जेण्डर रेशियों 914.21 है। महिला मतदाताओं/नव विवाहिता महिलाओं के नाम 11 सितम्बर तक मतदाता सूची में दर्ज कराकर जेण्डर रेशियों 927 की लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि जिन मतदान केन्द्रो में फार्म-6 लक्ष्य के विरूद्ध बहुत कम संख्या में दर्ज होना पाये गये है। उन मतदान केन्द्रो में ग्राम सचिव/आगनवाडी कार्यकर्ताओं को बीएलओ की सहायता के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नागौद, उचेहरा तथा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नागौद एवं उचेहरा को निर्देशित किया गया। बैठक में सभी नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे आबंटित राजस्व सर्किल के अन्तर्गत आने वाले मतदान केन्द्रो में स्वत जाकर कार्य की समीक्षा करें एवं 11 सितम्बर 2023 तक जेण्डर रेशियों तथा नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 64 नागौद एपी द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 11 सितम्बर 2023 के बाद 12 सितम्बर 2023 को चार प्रकार के प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये यथा फोटो निर्वाचक नामावली में किसी भी मृत मतदाता का नाम दर्ज नहीं है। फोटो निर्वाचक नामावली में किसी भी मतदाता की दोहरी प्रविष्टी नहीं है। फोटो निर्वाचक नामावली में स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के शत-प्रतिशत नाम मतदाता सूची से विलोपित कर लिये गये है। मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम जोड़ा जाना शेष नही है।

## एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना जिला पंचायत सभागार सतना में उद्यानिकी विभाग द्वारा एक जिला एक उत्पाद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े रहे। कार्यक्रम में डॉ. वेद प्रकाश से. नि. वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां, गौतम शर्मा, लीड बैंक मैनेजर, डॉ. कमलेन्द्र सिंह, से.नि. संयुक्त संचालक उद्यान, अनिल कुमार सिंह सहायक संचालक रेवरा फार्म, सत्यनारायण सिंगरौल तकनीकी सहायक कार्यालय, उप संचालक उद्यान एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारी सहित जिले से आये लगभग 100 कृषक, उद्यमी की उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. झाडे द्वरा कृषक उद्यमियों को संबोधित किया एवं कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण इकाई को अधिक से अधिक स्थापित करने का आग्रह किया। डीआरपी प्रफुल्ल गौतम द्वारा पीएमएफएमई योजना के बारे में कृषक उद्यमियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख का अनुदान एवं 3 प्रतिशत ब्याज दर पर छूट का प्रावधान है। एल.डी.एम. गौतम शर्मा द्वारा कृषक, उद्यमी को बैंक में फाइनेंस से संबंधित जानकारी प्रदान की। कमलेन्द्र सिंह, डॉ. वेद प्रकाश द्वारा पीएमएफएमई योजना में आने वाली तकनीकी समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। अनिल कुमार सिंह द्वारा योजना के बारे में कृषक, उद्यमियों को जानकारी दी एवं उद्योग स्थापित करने की अपील की। उप संचालक द्वारा कृषकों एवं उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया।

### जिले में 30 सितंबर तक मनाया जायेगा पोषण माह, तैयारी बैठक संपन्न

# महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया के नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें – डॉ. सोनवणे

**ब्यूरो रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें एक सितंबर से 30 सितंबर से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर कुपोषण के नियंत्रण तथा सुपोषण को बड़ावा देने के प्रयास किये जायेंगे। अभियान की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया के कई कारण होते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास महिलाओं का सर्वेक्षण करके पूरी रिपोर्ट तैयार करें। महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया के कारण का पता लगाकर उसे दूर करने के प्रयास करें। पोषण माह के दौरान गंभीर रूप से एनीमिया के महिलाओं को खून चड़ाने तथा खून की कमी को दूर करने के अन्य उपचार की सहायता लें। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिले भर में शिविर लगाये। स्कूल तथा कालेज में शिविर लगाकर छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करें। जांच में खून की कमी से ग्रस्त छात्राओं को समुचित उपचार तथा पोषण की सुविधा दें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी जागरूकता की शपथ दिलाई।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि



पोषण माह में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अन्य विभाग के सहयोग से इन कार्यक्रमों का आयोजन करायें। इसमें स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता, मोटे आनाज के उपयोग को बड़ावा देने घर और परिसर की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के उपायों को इसमें शामिल करें। अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्वस्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा मच्छली पालन विभाग भी पूरा सहयोग देंगे। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि पोषण माह अभियान एक से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान आंगनवाडी केन्द्रों में स्वस्थ्य बालक-बालिका प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। एनीमिक किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड दिया जायेगा। लोगों को पोषण वाटिका में सब्जियों की खेती के साथ औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया जायेगा। शासन के निर्देशों के अनुसार मोटे आनाज और उसके उपयोग को बड़ावा दिया जायेगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा कलेक्टर ने शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**ब्यूरोरीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने एसडीएम तथा पुलिस अधिकारियों को आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने तथा निर्वाचन शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। सभी थाना प्रभारी निगरानी सुदा बदमाशों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सूची बनाने इनके विरूद्ध 8 सितंबर से 10 सितंबर तक अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। सभी एसडीएम तथा एसडीओपी अपने अनुभाग में शिविर के संबंध में समस्त तैयारियां सुनिश्चित करें। गत विधानसभा चुनाव तथा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन संबंधी अपराधों में लिप्त व्यक्तियों तथा आदतन अपराधियों पर कार्यवाही करें। न्यायालय से जारी



वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली करायें। फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष प्रयास करें। सभी कार्यपालन दण्डाधिकारी प्रतिबंधात्मक आदेशों में सुनवाई करके बाउंडओवर की कार्यवाही करायें। बिना समुचित कारण के किसी भी आवेदक को दो से तीन दिन से अधिक समय की पेशी न दें। राजस्व और पुलिस अधिकारी पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए दल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें।

### विधानसभा अध्यक्ष ने मऊगंज में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को बांटे स्मार्टफोन

# अत्याधुनिक सुविधा का उपयोग कर विभागीय गतिविधियों का सहजता से क्रियान्वयन करें :विधानसभा अध्यक्ष

**सम्भागीय ब्यूरो रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मऊगंज जिला आंगनबाड़ी केंद्र के संबंध में सभी जानकारियां प्राप्त हो सकेगी।विधानसभा अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं लाडली बहना भी हैं, अतः इस सौगात के अतिरिक्त कि स्मार्टफोन से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं विभागीय कार्यो व जानकारियां





मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को मोबाइल स्मार्टफोन का वितरण किया। जनपद पंचायत सभागार में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधा का उपयोग कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं अधिक सहजता से विभागीय गतिविधियों का संचालन कर पाएंगी। स्मार्टफोन में ऐप के माध्यम से कम समय में सभी जानकारियां उपलब्ध करा सकेंगी, जिससे उनके कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। वह धात्री महिलाओं व नवजात शिशुओं की देखरेख करती हैं। स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ भारत का निर्माता है। अतः अपने दायित्व का निर्वहन कर महिलाओं को स्वस्थ रखने तथा नवजात बच्चों को कुपोषण से दूर कर सुपोषित व स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

विधानसभा अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हीं के मेहनत से लाडली बहना योजना का सफल क्रियान्वयन हो सका। सभी उनके मानदेय में वृद्धि के लिए वह मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दें। विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित जनों को नवीन मऊगंज जिले के गठन की बधाई दी तथा कहा कि जिला बनने से अनेक सुविधाएं मिलती हैं तथा विकास को गति मिलती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जिला स्तरीय सभी कार्यालय मऊगंज में संचालित होंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय पोषण माह के संकल्पों की शपथ दिलाई तथा पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इससे पूर्व परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया आसानी से ऐप के माध्यम से भर सकेंगी, जो उनके लिए सुविधाजनक होगा। उन्होंने बताया कि चालू सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, एसडीएम बीके पांडेय, सुरेंद्र सिंह चंदेल, अखिलेश सिंह, मन्नू गुप्ता, सीईओ जनपद विनोद पांडेय, जनसंपर्क सहायक मध्य प्रदेश विधानसभा पुष्पेंद्र गौतम सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क मंत्री ने रीवा एयरपोर्ट में टर्मिनल भवन का किया भूमिपूजन

**सम्भागीय ब्यूरो रीवा।** रीवा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसे विकसित करने के लिए तथा बड़े विमानों के आवागमन के अनुरूप सभी संसाधन विकसित किये जा रहे हैं। इस क्रम में जनसंपर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट में टर्मिनल भवन तथा एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर के निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसका रेनवे 1800 मीटर लंबा तथा 30 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। जिससे 72 सीटर विमान इसमें आसानी से उतर सकें। विमानों के संचालन के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर तथा टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य तेजी से किया जायेगा। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे करायें। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एयरपोर्ट शुरू हो जाने से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य क्षेत्र



में पर्यटन को बड़ावा मिलेगा। रीवा के आसपास चित्रकूट, मैहर जैसे धार्मिक स्थल बांधवगड़, संजय टाइगर रिर्जव तथा रीवा के कई जल प्रपातों जैसे प्राकृतिक स्थल हैं इनमें पर्यटकों का आना बड़ेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा उद्योग के क्षेत्र में भी हवाई सेवा उपलब्ध हो जाने से तेजी से विकास होगा। आज से 20 वर्ष पहले के रीवा और वर्तमान के रीवा में बहुत अंतर आ गया है। अब रीवा को जोड़ने के लिए चारों ओर हाइवे हैं। शहर में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बाणसागर बांध की नहरों से खेती में अभूतपूर्व विकास हुआ है। अब रीवा तेजी से विकास कर रहा है। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष व्यकंटेश पाण्डेय, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, राजगोपाल मिश्र चारी अन्य जनप्रतिनिधिगण, एयरपोर्ट एथार्टी के अधिकारी, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इस्कॉन रीवा द्वारा वृहद स्तर पर मनाया जाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव

**ब्यूरो रीवा ।** अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) रीवा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वृहद स्तर में ÷श्री कृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव÷ का कार्यक्रम ÷ आयोजित किया जा रहा है! प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह आयोजन इस वर्ष वृहद पैमाने पर आयोजित किया जायेगा !उक्त कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देने हेतु स्थानीय उत्सव राज विलास में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप रीवा इस्कॉन सेंटर हेड, दामोदर सखा दास, युवा समाड़सेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, इस्कॉन रीवा के पी. आर. ओ. आनंद नामदेव, कार्यक्रम प्रभारी लवकुश



गुप्ता एवं यूथ कोऑर्डिनेटर अतुलेश तिवारी ने संबोधित किया! कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस वर्ष जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ये आयोजन तीन दिन तक आयोजित किया जायेगा! 5 सितंबर को अंतराष्ट्रीय भक्तों द्वारा शोभा यात्रा आयोजित की जाएगी जिसमें विदेशों से आये भक्त भजन कीर्तन और नृत्य करते हुए निकलेंगे! ये यात्रा सिरमौर चौक से हो कर मानस भवन में समाप्त होगी! 7 सितंबर का मुख्य आयोजन कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा! जिसमें भजन संध्या सहित सांस्कृतिक आयोजन आयोजित किये जाएंगे! दिन में 12 बजे से प्रारंभ होकर ये आयोजन रात्रि में 12 बजे तक चलेगा! उक्त भक्तिमय कार्यक्रम में सभी भक्तगणों से आग्रह किया गया है कि आयोजन में उपस्थित होकर भगवान कृष्ण का अनुग्रह प्राप्त करे!

# किसानों की बर्बाद हो रही फसल को देखते हुए युवा भाजपा नेता पंडित बालेंद्र शुक्ला ने मुख्यमंत्री से की मुआवजे की मांग

### जिले को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की कही बात


**रीवा/गुढ़।** खबर मध्य प्रदेश के रीवा जिले से है जहां बारिश की अनियमितता के कारण किसानों की फसल नष्ट होती जा रही है। दूसरी तरफ गुढ़ क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर से किसान परेशान है। किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते



हुए गुढ़ क्षेत्र के युवा भाजपा नेता पंडित बालेंद्र शुक्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा है कि एक तरफ जहां आवारा मवेशियों के कारण किसानों की फसल नष्ट हो रही है तो दूसरी तरफ बारिश की अनियमितता ने किसानों के सामने आफत खड़ी कर दी है। पर्याप्त बारिश न होने के कारण किसानों की फसल सूख रही है

# मऊगंज में जहरीले कीट ने महिला को काटा, झाड़फूंक के चक्कर में महिला की मौत

**रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी तहसील अंतर्गत ग्राम जुरोट में एक महिला की जहरीले कीट की काटने से मौत हो गई है। पंचवटी साहू पत्नी राम भान साहू उम्र 42 वर्ष खाना खाकर अपने घर पर लेटी हुई थी। इसी बीच उसे किसी जहरीले कीट ने काट दिया। उक्त घटना के बाद परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती नराकर पहले झाड़-फूंक का सहारा लिया। गांव की ही एक कथित ओझा ने लोटा थाली एवं जड़ी बूटियों के माध्यम से पहले तो महिला को झाड़फूंक



कर स्वस्थ करने का प्रयास किया जब उसके हालत में सुधार नहीं हुआ तो रिश्तेदारों ने उसे एंबुलेंस की सहायता से संजय गांधी अस्पताल लेकर आए । जहां पर परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे लोगों ने गलती मानी कि अगर समय पर वह अस्पताल पहुंच जाते तो जान बच सकती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है वहीं पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है ।

# निर्धारित किराया से अधिक लेने के बावजूद लाडली बहना को बीच रास्ते पर उतारने वाली बस को आर टी ओ बिभाग ने की जप्त



**रीवा( सम्भागीय ब्यूरो)**

। कलेक्टर के निर्देशन के बाद रीवा आरटीओ मनीष त्रिपाठी के द्वारा वैधानिक रूप से महिला से ज्यादा किराया लेने के आरोप में एक सर्विस बस को जप्त कर बड़ी कार्रवाई की है, शुक्रवार को राहुल ट्रैव्हल्स की बस में एक महिला को गैरतगंज जाने के लिए भोपाल जाने वाली बस में 1200 रुपये किराया लेकर बिठाया गया, और महिला को ग़ैरतगंज की जगह राहतगढ़ तिराहे पर ही उतार दिया गया।जिसकी शिकायत महिला के भाई रावेंद्र जैशवाल के द्वारा कलेक्टर रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा के अलावा आरटीओ रीवा को की गई, जिस पर आर टी ओ रीवा के द्वारा परिवहन उड़नदस्ता भेज कर तुरंत बस के ख़िलाफ़ कार्यवाही की गई और बस को जप्त कर लिया गया और इसकी सूचना कलेक्टर रीवा और पुलिस अधीक्षक रीवा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।बस का पंजीयन नंबर ऋ14क्ष7482 है बस रीवा निवासी आनंद सिंह के नाम पर पंजीकृत है। बस नये बस स्टैंड पर खडी पायी गई, जिसे वहीं से जप्त किया गया, और बस को परिवहन कार्यालय रीवा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।बस के विरुद्ध मोटरयान नियम के तहत कार्यवाही की जाएगी, इसके अलावा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से गाड़ीयो में हूटर, सायरन, नेमप्लेट पट्टी, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया। इसके पहले परिवहन विभाग के द्वारा पिछले तीन महीने में मई से जुलाई के बीच यात्री वाहनो पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 23 बिना परमिट ,237 ओव्हरलोड बस 48 किराया सूची 16 स्पीड गवर्नर सहित कुल 1726 वाहनो पर कार्यवाही की गई है, जिससे जुर्माने के तौर 57 लाख 90 हज़ार रुपये का शासकीय राजस्व परिवहन विभाग ने अर्जित किया है।परिवहन विभाग ने यह कार्यवाही रीवा, हनुमना, मउगंज, चाकघाट, जवा, सीधी, शाहडोल मर्गों पर की है। आरटीओ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि परिवहन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं बड़ौदा में किया जनसम्पर्क

जनआशीर्वादयात्रा का शुभारम्भ करने श्योपुर आ रहे, हमारे देश के गृह मंत्री अमित शाह की आमसभा को लेकर ब?ौदा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क किया एवं जनता जनार्दन से आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। इस अवसर पर साथ में बिहारी सिंह सोलंकी, लखन जाट, राजू सुमन, नगर परिषद उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा, मनोज डोम, राजेन्द्र सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।



# श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान जवाली(रानी) की बालिकाओ को वितरित किए स्कूल बैग








**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**

**पाली राजस्थान।** जवाली(रानी) श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान जवाली (रानी) की बालिकाओ के लिए भामाशाह केसाराम सुपुत्र मन्नाराम काग निवासी सोडावास एवं आदाराम सुपुत्र कसाराम चोयल निवासी सोनाई माँझी ने अपनी ओर से अच्छी गुणवत्ता के स्कूल बैग क्रय किए। श्री आई जी विद्यापीठ संस्थान जवाली के प्रार्थना हॉल में बैग वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभ शुरुआत भारतीय सनातन परम्परा के अनुसार सम्मानीय अतिथि एव भामाशाह केसाराम काग तथा आदाराम चोयल के द्वारा माँ श्री आईजी एव ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके हुए।बालिकाओ ने मधुर स्वर ने दीप प्रज्वलन गायन किया।इसके बाद भारतीय संस्कृति में अतिथि देवो भवः की परम्परा के तहत भामाशाहों का संस्थान परिवार की ओर से माल्यार्पण व साफा वन्दन कर आदर सत्कार किया गया।संस्थान के अध्यक्ष नेमीचंद परिहार ने भामाशाह आदाराम चोयल का साफा वन्दन किया तथा उपाध्यक्ष घीसाराम लचेटा ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।संस्थान के प्रधानाचार्य जसाराम वरपा ने भामाशाह केसाराम काग का साफा वन्दन किया तथा सचिव हीराराम गेहलोत ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।। संस्थान की कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य गमनाराम परमार ने भामाशाह परिवार के संबंधी मोहनलाल वरपा बूसी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उप प्रधानाचार्य कमला सीरवी ने देवी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।अभिनंदन की रस्मों-रिवाज के बाद सन्स्थान के प्रधानाचार्य जसाराम वरपा, अध्यक्ष नेमीचंद परिहार,उपाध्यक्ष घीसाराम लचेटा तथा सचिव हीराराम गेहलोत ने अपने उद्बोधन में भामाशाह परिवार के द्वारा बैग भेंट करने के कार्य की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की तथा उनके द्वारा किए गए योगदान के लिए बहुत-बहुत आभार अभिनंदन किया। उद्बधन के बाद भामाशाह केसाराम काग एव आदाराम चोयल के कर कमलों से बालिकाओ को बैग वितरित किए गए।सचिव हीराराम गेहलोत ने अपने प्रिय शिष्य राजेन्द्र सुपुत्र केसाराम काग तथा कालूराम सुपुत्र आदाराम चोयल को श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान जवाली की बालिकाओ के लिए स्कूल बैग भेंट करने की बात की ,उन्होंने सहजता से स्वीकार किया और एक गुरु के आदेश की पालना में उन्होंने बहुत ही अच्छी गुणवत्ता के 600 बैग क्रय किए,इसके लिए लगभग एक लाख सत्तर हजार रुपये व्यय हुए तथा संस्थान में पहुंचाए,जिसका आज उन दोनों के पिताश्री के कर कमलों द्वारा बैग वितरित किए गए। संस्थान के अध्यक्ष नेमीचंद परिहार ने भामाशाहों का आभार जताया,उनको धन्यवाद दिया तथा उनके परिवार जनों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।




## आज दिनांक 4/ 9/ 23 को हमारी टीम पुष्पांजलि टुडे द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसराम का भ्रमण किया गया

जहां पर प्रभारी प्रचार श्री जगदीश वर्मा गरीब हरिजन आदिवासी एवं संबल कार्ड धारी छात्र-छात्राओं से परीक्षा शुल्क 1260 वसूल करते हुए दिखे





जब हमने उनसे पूछा कि एससी एसटी और संबल कार्ड धारी चाहे वह किसी भी वर्ग का हो शासन द्वारा फीस माफ है तो फिर आप फीस जबरन क्यों वसूल रहे हो और हमने उनसे पूछा कि आपके विद्यालय में पोर्टल पर आपने करीब 10/12 शिक्षकों को चढ़ा रखा है लेकिन यहां तो सिर्फ दो ही अतिथि शिक्षक दिख रहे हैं शासकीय कर्मचारी कैलाश नारायण शर्मा व्यायाम अध्यापक का दिनांक 2/9/23 का कॉलम खाली था उसमें उन्होंने हस्ताक्षर करवा रहे थे हमारे हस्तक्षेप के बाद उनके कॉलम में ष्द्य डाली हमने श्री जगदीश वर्मा से अतिथि शिक्षकों का स्टाफ रजिस्टर मांगा तो उन्होंने कह दिया की अतिथि शिक्षकों का रजिस्टर अभी नहीं बनाया है इससे सिद्ध होता है कि श्री जगदीश वर्मा आखरी में अतिथि शिक्षकों का रजिस्टर बनाएंगे और सभी के जो पोर्टल पर चढ़ा रखे हैं फर्जी उनके हस्ताक्षर कराएंगे विद्यालय की दीवाल पर स्टाफ के फोटो एवं मोबाइल नंबर एक बैनर पर छपा था उसमें से श्रीमती कविता सेंगर का फोटो एवं डिटेल कैंची से काट रखी है इस विषय में श्री जगदीश वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया की मैडम नेअपनी पहचान और मोबाइल नंबर छुपाने के लिए ऐसा किया है इससे पहले भी हमारे द्वारा कई बार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसराम का दौरा किया जो अव्यवस्थाएं पहले थी वह जैसी की तैसी है किसी का कोई ध्यान नहीं है फर्जी अतिथियों के भुगतान होते हैं दो या तीन पडाते दिख रहे हैं पोर्टल पर 12 चढ़े हैं छात्र संख्या करीब साढे चार सो बताई गई मात्र पांच या छह बच्चे दिखाई दिए उनको भी कोई नहीं पडाता है और जिम्मेदार अधिकारी अभी भी नही हैं भ्रत्य शिव देव दीक्षित सफाई करते हुए दिखे परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30.9.2023 लेकिन लेकिन प्राचार्य सर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से यह बोला गया है 5 सितंबर लास्ट तारीख के माइक से अलॉटमेंट करवाया है गांव में ग्राम सहसराम में अगर आप 5 तारीख तक फॉर्म नहीं भरा हो तो 500 रुपए लेट पीस ली जाएगी और शासन के अनुसार परीक्षा फीस की लास्ट डेट 30/ 9/ 2023 है उसके बाद मात्र बिलंब फीस 100 रुपए लगेगी उसके बाद 15 अक्टूबर परीक्षा फार्म भरे जायेंगे



# श्री राम कथा मत एवं वेदों की बात का विमोचन 7 सितंबर को।





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** ÷उद्धव साहित्यिक मंच÷ के तत्वावधान में नगर के मूर्धन्य साहित्यकार अनंगपाल सिंह ÷अनंग÷ द्वारा रचित ÷श्री राम कथा अमृतनी ÷एवं ÷वेदों की बात ÷ पुस्तकों का विमोचन 7 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात ज्योतिषाचार्य एवं आध्यात्मिक रचनाकार डॉ . अजय भांबी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन वैदिक राम राज्य परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कानपुर के अजय कुमार मिश्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विख्यात साहित्यकार जगदीश तोमर एवं उद्धव के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पांडे कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेंगे। उद्धव के सचिव दीपक तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अनंगपाल सिंह द्वारा लिखित 60 पुस्तकों का अभी तक प्रकाशन हो चुका है। श्रीराम कथामृत एवं वेदों की बात इनकी नवीनतम पुस्तकें हैं। अनंगपाल सिंह आध्यात्मिक लेखनी के जाने पहचाने कलमकार हैं। 7 सितंबर2023को अपराह्न 2ः00 बजे से होटल एंबिएंस में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा होंगे। ÷ उद्धव÷ के मनोज अग्रवाल, सुरेंद्र पाल सिंह, कुशवाह, आलोक द्विवेदी, प्रवीण शर्मा, राजीव शुक्ला, मनीषा जैन, अमर सिंह परिहार, सुरेश वर्मा, मोनू राणा, शरद सारस्वत,शरद यादव, साहिल खान इत्यादि ने नगर के साहित्यकारों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

# नामांतरण के नाम पर 15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को लोकायुक्त ने पकड़ा

## लोकायुक्त की लगातार कार्यवाहियों के बाद भी नहीं थम रहा पटवारीयों का भ्रष्टाचार

**मुरैना।** लोकायुक्त टीम ग्वालियर की तमाम कार्यवाहियों के बावजूद मुरैना जिले में पटवारीयो का भ्रष्टाचार नहीं थम रहा है। लगातार कार्यवाहियों के बावजूद पटवारी के मन में कार्रवाई का कोई डर नहीं है और वह आम जनता का जमकर आर्थिक शोषण कर रहे हैं। सोमवार की सुबह मुरैना जिले में लोकायुक्त की टीम ने एक पटवारी को नामांतरण के नाम पर 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया और कोतवाली में उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया।लोकायुक्त एसपी रामेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम गलेथा हवेली का पुरा तहसील जौरा जिला मुरैना निवासी केंद्र सिंह सिकरवार पुत्र धनीराम ने ऑनलाइन नामांतरण अमल करने के लिये पटवारी सुरेश बंजारा हल्का नंबर 93 तहसील जौरा जिला मुरैना से संपर्क किया था। पटवारी सुरेश बंजारा ने इसके एवज में केन्द्र सिंह से 15 हजार की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की राशि जैसे ही केन्द्र सिंह ने पटवारी को उसी के आवास पर दी, तो योजनानुसार लोकायुक्त ग्वालियर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।ज्ञात रहे की मुरैना जिले में



पटवारीयों के भ्रष्टाचार की यह कोई नई वारदात नहीं है, इससे पूर्व में भी आधा दर्जन पटवारी लोकायुक्त टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए हैं, लेकिन ठोस कार्यवाही के अभाव में यह बचकर निकल जाते हैं और पुनः अपने पद पर बहाल हो जाते हैं। जिले में पटवारीयों की हालत यह है कि गलतियां स्वयं करते हैं और नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ता है तथा छोटी-छोटी कार्रवाइयों के लिए भी 15 से 20 हजार रुपए रिश्वत के फिक्स कर दिए गए हैं। **एक ओर हड़ताल, दूसरी ओर आमजन की जेब पर डाका**-विदित हो कि मुरैना जिले में इन दिनों पटवारी संघ की हड़ताल चल रही है और वह अपनी मांगों को लेकर पुरानी कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे हैं, लेकिन इसी बीच तमाम पटवारी अपने घर से चोरी छुपे काम करते हुए रिश्वत की वारदात कर रहे हैं। आम जनता से यह पटवारी हड़ताल का बहाना ले रहे हैं और काम नहीं कर रहे, तो वहीं तमाम पटवारी हड़ताल के बावजूद अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। हड़ताल के दौरान भी भ्रष्टाचार अपनी पराकाष्ठा पर है।

### घर से चल रहे दफ्तर, प्राइवेट लोग कर रहे हैं काम

**-जिले भर में पदस्थ पटवारी शासकीय एवं आम जनता का काम तो कम, लेकिन अपना प्राइवेट दफ्तर घर से चला रहे हैं। अधिकांश पटवारी के घरों पर सुबह के समय दफ्तर संचालित होते मिलेंगे या फिर शाम को। यहां बाकायदा पटवारी द्वारा प्राइवेट कर्मचारी रखे गए हैं, जो कंप्यूटर के अलावा आम जनता से लेनदेन का काम करते हैं। इस संबंध में पूर्व में भी कई समाचार प्रकाशित हुए, लेकिन नकारा जिले के मुखिया द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।**

# मंडी शुल्क को लेकर व्यापारियों की हड़ताल, भोपाल में एचडी को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** कृषि उपज मंडी समितियों में शुल्क को लेकर प्रदेश व्यापी हड़ताल के तहत सोमवार को मुरैना जिले की सभी मंदिरों में व्यापारियों ने हड़ताल कर दी, जिससे किसानों को वापस अपने घर लौटना पड़ा। प्रदेश भर में हड़ताल के बाद मंडी बोर्ड भी बेचैन हो गया है तथा भोपाल में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंडी बोर्ड के एचडी को ज्ञापन दिया है तथा उन्होंने शीघ्र उनकी मांग का निराकरण करने की बात कही है।ज्ञात रहे की कृषि मंडियों में व्यापारियों से डेढ़ प्रतिशत शुल्क लिया जा रहा है, जिसे



एक प्रतिशत करने के लिए व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मंडी बंद करने का ऐलान किया गया था। इसी के चलते सोमवार को प्रदेश भर के साथ-साथ मुरैना जिले की सभी कृषि मंडियां बंद रही तथा किसानों का अनाज नहीं खरीदा गया और उन्हें वापस घर लौटना पड़ा। व्यापार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल दास अग्रवाल ने भोपाल में मंडी बोर्ड के एमडी के समक्ष स्पष्ट किया कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक कृषि मंडियों में हड़ताल जारी रहेगी। एमडी ने आश्वस्त किया की आप की बात सरकार तक पहुंचा कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास करवाया जायेगा।

# जिला चिकित्सालय का घेराव कर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**मुरैना।** सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश राठौड़ ने जिला चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर रैली निकालते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव कर जिला चिकित्सा अधिकारी के नाम जिला चिकित्सालय में ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री राठौर ने कहा कि मुरैना जिला चिकित्सालय में भ्रष्टाचार चरम पर



है। सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है और मरीजों को अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने का खेल चल रहा है, इसलिए जल्द से जल्द सर्टिफिकेट जारी करने वाली समिति को भंग किया जाए एवं मरीज को होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु निम्नांकित बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही कर निवारण किया जाए।

## व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन ने डिवाइडर पर किया पौधारोपण



**मुरैना।** शहर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन मुरैना द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को शहर की एमएस रोड स्थित सडड़ के बीच स्थित डिवाइडर पर पौधारोपण कर उनकी पूर्ण जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री चौहान भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।व्यापार मंडल के पदाधिकारी सुधीर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर को सुंदर बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा की दृष्टि से व्यापार मंडल एवं मिलर्स एसोसिएशन ने मिलकर डिवाइडर पर लगभग एक सैकड़ा पौधों को लगाया तथा उनकी सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर सभी व्यापारीगण उपस्थित थे।

# गोविन्दगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही जुआ की फड़ पर दबिस जुआडियो से 52 तास के पत्ते एवं नगदी जप्त

**रीवा ब्यूरो।**

पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुड़बिर की सूचना पर गोपाल बाग वार्ड न.14 के पास अवैध जुआ की सूचना पर दबिश दिया आरोपी 1. शिवकुमार प्रजापति श पिता श्री नरेश प्रजापति .उम्र 28 वर्ष 2. ब्रजकिशोर प्रजापति पिता रामसजीवन प्रजापति उम्र 30 दोनो निवासी वार्ड 14 गोविन्दगढ थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास से जुआ खलते मिले जिनके कब्जे नगदी मसरूका व 52 तास के पत्ते पाए जाने से जप्त कर थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 296/2023 धारा 13 जुआ एक्ट किया गया है सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, ,स्ढ्ढ रामजियावान वर्मा ,आरक्षक उपेन्द्र सिंह, आरक्षक राहुल पाण्डेय ,आरक्षक प्रिंस सिंह




# आरपीए में पुलिस प्रशिक्षण की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों एवं प्रशिक्षण प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारम्भ

## दिवसीय कार्यशाला में देशभर से प्रतिभागी

**=पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**



**जयपुर, ।** महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण श्री जंगा श्री निवास राव के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को प्रातः राजस्थान पुलिस अकादमी में पुलिस प्रशिक्षण की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों एवं प्रशिक्षण प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यशाला में देश भर के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रमुख तथा उनके प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री जंगा श्रीनिवास राव ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुलिस की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को अपने अपने प्रशिक्षण संस्थानों की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपनाई जाने वाली प्रणाली साझा करने का आह्वान किया। उन्होंनें राजस्थान पुलिस अकादमी एवं राज्य के अन्य पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा पुलिस प्रशिक्षण में अपनाए जा रहे नवाचारों की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्रीमति मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंनें बेहतर प्रशिक्षण प्रणाली के लिए एक दूसरे की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री पी रामजी ने प्रतिभागियों तथा अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री हेमन्त प्रियदर्शी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मुख्यालय श्री संजय अग्रवाल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस तकनीकी सेवाएं श्री विजय कुमार सिंह सहित पुलिस मुख्यालय एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।कार्यशाला का प्रथम सत्र सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री एम के देवराजन, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एसडीआरएफ एडीजी श्री बिपिन कुमार पाण्डे एवं जेण्डर विशेषज्ञ श्रीमति त्रिशा पारीक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस सत्र में राजस्थान पुलिस अकादमी, उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, गुजरात पुलिस अकादमी तथा आन्ध्र प्रदेश पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके प्रशिक्षण संस्थानों में अपनाई जा रही सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण पद्धतियों के साथ ही महिला सुरक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर उनके द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यशाला 6 सितम्बर तक आयोजित की जायेगी। इसमें देश के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी अपने राज्य की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण पद्धतियों के बारे में प्रस्तुतिकरण देंगें। कार्यक्रम का समापन समारोह पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयाजित किया जाएगा।



## रामदेवरा में रामसा पीर की पूजा कर सभास्थल पर पहुंचे भाजपा के दिग्गज

# हेलीपैड से मंदिर और सभास्थल तक राजनाथ सिंह के साथ रहे शेखावत, मेघवाल और जोशी

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**जोधपुर/ रामदेवरा** भाजपा राजस्थान की परिवर्तन संकल्प यात्रा के लिए जैसलमेर की अत्यंत पवित्र स्थली रामदेवरा में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हेलीपैड पर स्वागत और भाजपा का दुपट्टा पहनकर अभिनंदन किया। केंद्रीय मंत्री शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कार में सवार होकर बाबा रामदेव जी की समाधि तक पहुंचे। राजनाथ सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और सीपी जोशी ने रामसा पीर की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। चारों नेता बाबा रामदेव जी से आशीर्वाद लेने के बाद सभास्थल पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राजनाथ सिंह जी मेरे मार्गदर्शक भी हैं। उनके समान दिग्गज द्वारा यात्रा को रवाना किया जाना, हम कार्यकर्ताओं के उत्साह को चार गुना करने वाला है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शेखावत, चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत सहित अनेक भाजपा नेताओं ने परिवर्तन संकल्प यात्रा के रथ को रवाना किया। भाजपा की इस तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा के लिए पूरे राज्य, जोधपुर संभाग से पदाधिकारी और कार्यकर्ता रामदेवरा पहुंचे। रामदेवरा में सभा के लिए विशाल डोम बनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह और जोश के साथ राजस्थान सरकार की निकृष्ट सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। सभा में खिलेगा कमल, जीतेगा कमल के दृढ़ संकल्प के साथ कांग्रेस की निक्कमी, भ्रष्टाचारी और महिला व दलित विरोधी कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान कर दृढ़ संकल्प को दोहराया गया।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने कलेक्टर जिला नर्मदापुरम को बताई किसानों की समस्या

नर्मदापुरम/बनखेडी-- राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सोमवार को जिला कलेक्टर को किसानों की समस्याओं से कराया अवगत! नर्मदापुर जिलाधीश महोदय नीरज कुमार सिंह से रूबरू हुए जिसमें विद्युत विभाग से एसी साहब एवं कृषि उपसंचालक, सहकारिता से डीएमओ व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे! जिले में किसानों की भारी भरकम समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखते हुए किसानों के द्वारा मूंग खरीदी गई जिसमें भारी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच कराई जाए मूंग का भुगतान सात दिवस में कराया जाए नल जल योजना में भारी भ्रष्टाचार गांव गांव में हो रही समस्याओं व परेशानियों को भी प्रस्तुत किया! बिजली विभाग द्वारा प्रस्तावित सर्विस स्टेशनों को शीघ्र निर्माण करने की एवं बनखेड़ी विशेष सूचना विद्युत आधारित कृषि क्षेत्र है इसलिए यहां की विशेष व्यवस्था करने का कहा ओला पीड़ित किसान को 5 महीने बाद भी राहत राशि नहीं मिली जिसकी पूरी प्रामाणिकता के साथ जानकारी प्रस्तुत कराई बनखेड़ी के युवा कर्मठ नेता हेमराज पटेल की स्मारक स्मृति बनाने की बनखेड़ी कृषि मंडी हेतु मांग रखी गई ऐसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चाएं हुई जिस पर जिला प्रशासन ने पूर्ण सहमति जताई ओला पीड़ित किसानों की समस्या से अवगत कराया! प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित रमाकांत मीणा जितेंद्र भार्गव मनोहर और हरिया जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया सतीश रघुवंशी विनोद चौरसिया और भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478